जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

बीकानेर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर, शनिवार 6 दिसम्बर, 2025

अशुद्ध के विरुद्ध आन्दोलन अशुद्ध के विरुद्ध

KEDIA™ Pavitra

# कॉल लगाओ गाड़ी बुलाओ

## अब सुपरमार्केट चार पहियों पर आपके पास आएगा

इस महीने राशन का पूरा सामान केडिया पवित्र से सिर्फ एक फ़ोन कॉल पर **1800 120 2727**




FIXED PRICE

### एक क्लिक - एक कॉल पर सीधा आपके घर

- शरबती सुपीरियर आटा
- देशी चक्की आटा
- सूजी
- दलिया
- बेसन
- शरबती गेहूँ
- देशी गेहूँ
- प्लैटिनम शरबती चावल
- एलीट बासमती चावल
- पोहा
- लाकाडोंग हल्दी पाउडर
- मिर्च पाउडर
- धनिया पाउडर
- जीरा
- सौंफ
- चना दाल
- मूंग दाल (छिलका)
- मूंग दाल
- अरहर/तूर दाल
- उड़द दाल (छिलका)
- उड़द दाल
- मसूर मलका
- मसूर दाल
- काला चना
- काबुली चना
- हरा चना
- हरा मटर
- मोठ
- हरा मूंग
- राजमा चित्रा
- राजमा लाल
- राजमा कश्मीरी
- कैलिफोर्निया बादाम
- काजू
- पिस्ता
- किशमिश
- अखरोट
- मामरा बादाम

COMING SOON: कुकिंग ऑयल । खड़े मसाले । चाय

ORDER ON WEBSITE

ORDER ON WHATSAPP

ORDER ON APP

AVAILABLE AT

27000+ RETAILERS | SUPERMARKETS | QUICKCOM/ECOM

WEBSITE | WHATSAPP | APP | TOLL FREE

T&C Apply.

## विचार बिन्दु

तुम ये कभी मत सोचो कि आत्मा के लिए कुछ असंभव है। ऐसा सोचना तो सबसे बड़ा अधर्म है। अगर कोई पाप है, तो वो यही है; ये कहना कि तुम निर्बल हो या अन्य लोग निर्बल हैं। –स्वामी विवेकानंद

# वायु प्रदूषण : हर सांस के साथ बढ़ रहा है खतरा

देश की सर्वोच्च अदालत ने वायु प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त की है। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर गंभीर सुनवाई चल रही है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस समस्या पर चुप नहीं रहा जा सकता और केंद्र सरकार से इस संबंध में प्रभावी एक्शन प्लान मांगा गया है। सर्वोच्च अदालत ने साफ कर दिया कि हवा की गुणवत्ता की समस्या गंभीर है और इसे तुरंत हल करने की दिशा में ऐसे कदम उठाने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने यह भी कहा कि प्रदूषण के मामले पर नियमित सुनवाई होनी चाहिए। वायु प्रदूषण आज एक वैश्विक चुनौती बन चुका है। यह मानव के साथ–साथ पशु–पक्षी और पौधों तक के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से आहत कर रहा है। प्रदूषण हमारे पर्यावरण के लिए एक गंभीर खतरा है, जो कि जल, वायु और भूमि को प्रभावित करता है। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। वायु, जल, भूमि, पेड़–पौधे और जीव–जंतु – सब मिलकर पर्यावरण का निर्माण करते हैं। जब इन प्राकृतिक तत्त्वों का संतुलन बिगड़ता है, तो उसे पर्यावरण प्रदूषण कहा जाता है। आज के समय में प्रदूषण एक गंभीर समस्या बन चुका है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक के मुताबिक, वायु प्रदूषण दुनिया के सबसे बड़े हेल्थ रिस्क में से एक है। इसकी वजह से हर साल दुनिया में करीब 67 लाख लोग समय से पहले मौत का शिकार होते हैं। हमारे देश भारत की बात करे तो वायु प्रदूषण की समस्या अत्यधिक गंभीर हो गई है। शहरों में वायु की गुणवत्ता या एक्यूआइ बहुत खराब या गंभीर है। एक्यूआइ यानि एयर क्वालिटी इंडेक्स हवा की क्वालिटी को बताने वाला एक स्कोर है, जो यह समझने में मदद करता है कि हमारे आसपास की हवा साफ है या प्रदूषित। एक्यूआइ में हवा में मौजूद प्रदूषकों का स्तर मापा जाता है। एक्यूआइ जितना बढ़ता है हवा उतनी ही ज्यादा खतरनाक मानी जाती है। वर्तमान में देश की राजधानी दिल्ली सहित बहुत से शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों के रूप में सबसे पहले स्थान पर हैं, जहाँ पीएम 2.5 का स्तर अत्यधिक ऊंचा है, और जो प्रमुख स्वास्थ्य संबंधी मामलो में योगदान देता है। आईक्यूएयर की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पर्यावरण प्रदूषण के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है और विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 के मुताबिक दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरो में से 42 शहर भारत के हैं। हर साल दिल्ली में होने वाली मौतों में से करीब 11.5 प्रतिशत प्रदूषण के कारण होती हैं। भारत की लगभग पूरी आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती, जहां वायु गुणवत्ता विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के वायु गुणवत्ता दिशानिर्देशों से अधिक हैं। भारत में अत्यधिक वायु प्रदूषण के कारण सांस संबंधी बीमारियां, त्वचा रोग जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है और जीवन प्रत्याशा में भी कमी आई है।


प्रदूषण आज दुनियाभर में चिंता का विषय है। यह केवल भारत के लिए ही नहीं है बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है जो कई तरह के प्रदूषणों से पीड़ित है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, मृदा प्रदूषण और अन्य, लाखों लोगों के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। भारत दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में दूसरे स्थान पर है। प्रदूषण का स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और औसतन एक भारतीय की जीवन प्रत्याशा को 5.3 साल तक कम कर देता है। प्रदूषण का अर्थ है हमारे आस पास का परिवेश गन्दा होना और प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा होना। प्रदूषण कई प्रकार का होता है जिनमें वायु, जल और ध्वनि–प्रदूषण मुख्य है। पर्यावरण के नष्ट होने और औद्योगीकरण के कारण प्रदूषण की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है जिसके फलस्वरूप मानव जीवन दूभर हो गया है। महानगरों में वायु प्रदूषण अधिक फैला है। वहां चौबीसों घंटे कल–कारखानों और वाहनों का विषैला धुआं इस तरह फैल गया है कि स्वस्थ वायु में सांस लेना दूभर हो गया है। यह समस्या वहां अधिक होती हैं जहां सघन आबादी होती है और वृक्षों का अभाव होता है। कल–कारखानों का दूषित जल नदी–नालों में मिलकर भयंकर जल–प्रदूषण पैदा करता है। बाढ़ के समय तो कारखानों का दुर्गंधित जल सब नाली–नालों में घुल मिल जाता है। इससे अनेक बीमारियां पैदा होती है। इसी भांति ध्वनि–प्रदूषण ने शांत वातावरण को अशांत कर दिया है। कल–कारखानों और यातायात का कानफाड़ू शोर, मोटर–गाड़ियों की चिल्ल–पों, लाउड स्पीकरों की कर्णभेदक ध्वनि ने बहरेपन और तनाव को जन्म दिया है। हमने प्रगति की दौड़ में मिसाल कायम की है मगर पर्यावरण का कभी ध्यान नहीं रखा जिसके फलस्वरूप पेड़ पौधों से लेकर नदी तालाब और वायुमण्डल प्रदूषित हुआ है और मनुष्य का सांस लेना भी दुर्लभ हो गया है। इसके अलावा वृक्षों की अंधाधुंध कटाई ने भी पर्यावरण को बहुत अधिक क्षति पहुंचाई है। विश्व में हर साल एक करोड़ हैक्टेयर से अधिक वन काटा जाता है। भारत में 10 लाख हैक्टेयर वन प्रतिवर्ष काटा जा रहा है। वनों के कटने से वन्यजीव भी लुप्त होते जा रहे हैं। वनों के क्षेत्रफल के नष्ट हो जाने से रेगिस्तान के विस्तार में मदद मिल रही है। प्रकृति का संरक्षण हमारे सुनहरे भविष्य का आधार है। मनुष्य जन्म से ही प्रकृति और पर्यावरण के सम्पर्क में आ जाता है। प्राणी जीवन की रक्षा हेतु प्रकृति की रक्षा अति आवश्यक है। वर्तमान समय में विभिन्न प्रजाति के जीव जंतु, वनस्पतियां और पेड़–पौधे विलुप्त हो रहे हैं जो प्रकृति के संतुलन के लिए बहुत ही भयावह है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाकर अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहे हैं। मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए समय–समय पर प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमें शुद्ध पानी, हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध पर्यावरण, वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। पर्यावरण स्वास्थ्य का तात्पर्य किसी विशेष क्षेत्र की भौतिक, रासायनिक, जैविक और सांस्कृतिक स्थिति से है। खराब वायु गुणवत्ता, पारिस्थितिक विविधता का नुकसान, रासायनिक असंतुलन आदि जैसे पहलू किसी क्षेत्र के पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

**यह सही है कि मानव जीवन के समक्ष आज चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। पर्यावरण की चुनौती इनमें सबसे बड़ी है। मानव के सुखमय जीवन को व्यतीत करने के लिए यह आवश्यक है कि हमारा पर्यावरण साफ-सुथरा हो। विज्ञान ने जैसे-जैसे प्रगति हासिल की है वैसे-वैसे पर्यावरण की चुनौती हमारे सामने आ खड़ी हुई है। पर्यावरण प्रदूषण एक विश्वव्यापी समस्या है। पेड़-पौधे, मानव, पशु-पक्षी सभी उसकी चपेट में है। कलकारखानों से निकलने वाला उत्सर्जन, पेड़ पौधों की कटाई, वायु प्रदूषण ने मानव जीवन के समक्ष संकट खड़ा कर दिया है।**

मानव जीवन के लिये पर्यावरण का अनुकूल और संतुलित होना बहुत जरूरी है। पर्यावरण के प्रदूषित होने से हमारे स्वस्थ जीवन में कांटे पैदा हो गए है। विभिन्न असाध्य बीमारियों ने हमें असमय अंधे कुए की ओर धकेल दिया है जिसमें गिरना तो आसान है मगर निकलना भारी मुश्किल। यदि हमने अभी से पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया तो आने वाला मानव जीवन अंधकारमय हो जायेगा। यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने आस–पड़ौस के पर्यावरण को साफ–सुथरा रखकर पर्यावरण को संरक्षित करे तभी हमारे सुखमय जीवन को सुरक्षित और संरक्षित रखा जा सकता है। यह सही है कि मानव जीवन के समक्ष आज चुनौतियां ही चुनौतियां हैं। पर्यावरण की चुनौती इनमें सबसे बड़ी है। मानव के सुखमय जीवन को व्यतीत करने के लिए यह आवश्यक है कि हमारा पर्यावरण साफ सुथरा हो। विज्ञान ने जैसे–जैसे प्रगति हासिल की है वैसे–वैसे पर्यावरण की चुनौती हमारे सामने आ खड़ी हुई है। पर्यावरण प्रदूषण एक विश्वव्यापी समस्या है। पेड़–पौधे, मानव, पशु–पक्षी सभी उसकी चपेट में है। कलकारखानों से निकलने वाला उत्सर्जन, पेड़ पौधों की कटाई, वायु प्रदूषण ने मानव जीवन के समक्ष संकट खड़ा कर दिया है।

–अतिथि संपादक,
बालमुकुन्द ओझा,
वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार

# राजस्थान की दुग्ध क्रांति : बढ़ती क्षमता, सशक्त किसान और बदलता ग्रामीण परिदृश्य



लालचंद कटारिया

राजस्थान अब भारत के दुग्ध मानचित्र पर सबसे तेजी से उभरते हुए क्षेत्रों में से एक है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्र को दी गई प्राथमिकताओं, नीतिगत सुधारों और सहकारी तंत्र में आए बदलावों ने राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। राज्य में दुग्ध उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग क्षमता, पशुधन स्वास्थ्य, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और किसानों की आय बढ़ाने तक हर स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

राजस्थान आज भारत का दूसरा सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक राज्य है। दूध का बढ़ता उत्पादन न केवल कृषि–आधारित अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि ग्रांमीण परिवारों की समृद्धि का संकेत भी है। राज्य में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 1,171 ग्राम प्रतिदिन है, जो राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा सर्वोच्च आंकड़ा है।

दुग्ध और पशु आहार क्षेत्र का वार्षिक टर्नओवर उल्लेखनीय रूप से बढ़ा है। जहां यह पहले 8,000 करोड़ रुपये था, वहीं अब बढ़कर 10,000 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष हो गया है। यह वृद्धि दर्शाती है कि राजस्थान का डेयरी क्षेत्र निवेश, उत्पादन और बाजार की दृष्टि से तेजी से विस्तारित हो रहा है।

राज्य की डेयरी इंडस्ट्री ने पिछले वर्ष 46इ की रिकॉर्ड मुनाफा वृद्धि दर्ज की है, जो पिछले 47 वर्षों में सबसे बड़ी वृद्धि है। राज्य की 24 दुग्ध संघों में से लंबे समय से घाटे में चल रहे 15 दुग्ध संघ अब लाभ की स्थिति में पहुँच चुके हैं। यह परिवर्तन नीतिगत सुधारों के साथ ही ग्राामीण क्षेत्रों में बढ़ते विश्वास, तकनीकी सुधार और किसानों के संगठित प्रयास का प्रतिफल भी है।

राजस्थान की दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता पिछले वर्षों की तुलना में काफी बढ़ी है। पहले राज्य की क्षमता 48 लाख लीटर प्रतिदिन थी। अब इसे बढ़ाकर 52 लाख लीटर प्रतिदिन किया जा चुका है। वित्तीय वर्ष के अंत तक इसे 65 लाख लीटर प्रतिदिन करने का लक्ष्य है। इससे बढ़ते उत्पादन को सुव्यवस्थित रूप से संभालने और कोल्ड चेन को मजबूत बनाने के साथ ही किसान को समय पर उचित मूल्य भी मिल पायेगा।

डेयरी क्षेत्र में सहकारिता सबसे बड़ी शक्ति है। पिछले एक वर्ष में सहकारी तंत्र को अभूतपूर्व मजबूती मिली है। प्रदेश में 1000 नई डेयरी सहकारी समितियां गठित की गई है और 2000 नए संकलन केंद्र स्थापित किए गए हैं। सहकारी नेटवर्क से एक लाख से अधिक नए किसानों को जोड़ा गया है। इन पहलों ने न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ाया, बल्कि छोटी मात्रा में दूध बेचने वाले पशुपालकों को भी सुरक्षित, पारदर्शी और लाभकारी प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया है।

राजस्थान पशुधन विविधता में देश का नेतृत्व करता है। देश का कुल 11.26 प्रतिशत पशुधन प्रतिशत राजस्थान में है। प्रदेश में प्रति वर्ग किलोमीटर 169 पशुओं का घनत्व बताता है कि पशुपालन यहां की आर्थिक संरचना का मजबूत आधार है। पशुपालन राज्य की सकल घरेलू आय में 8 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है और कई ग्रामीण परिवारों की 30–50 प्रतिशत आय का मुख्य स्त्रोत है।

राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं ने दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने और पशुपालकों के जीवन को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनमें मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना मुख्य है। सहकारी समितियों को दूध बेचने पर किसानों को 5 प्रति लीटर की प्रत्यक्ष सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लाखों परिवारों की मासिक आय में स्थायी वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पशु की मृत्यु पर वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में 42 लाख पशुओं को बीमा कवच देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पशुधन निःशुल्क आरोग्य दवा योजना के तहत पशुओं की चिकित्सा पर आने वाला खर्च लगभग समाप्त हुआ है। इससे गरीब पशुपालकों को बड़ी राहत मिली है। पशु एम्बुलेंस मोबाइल वेटरनरी यूनिट (1962 सेवा) से अब तक 48 लाख पशुओं का घर पर इलाज किया जा चुका है। पशु नस्ल सुधार योजना के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान पर 75 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराने से उच्च उत्पादकता वाली नस्लें तैयार हो रही हैं।

डेयरी विकास के लिए 1000 करोड़ का कोष बनाया गया है। प्रदेश के 24 जिला दुग्ध संघों के इन्फ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक तकनीक से मजबूत करने का बड़ा कदम भी उठाया गया है।

राजस्थान सरकार ने ग्रामीण ऊर्जा मॉडल को बदलने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। ग्राामीण किसानों के घरों पर 10 हजार फ्लोटैक्सी बायो–गैस प्लांट स्थापित किए जा रहे हैं। इससे रसोई गैस पर खर्च कम हो रहा है और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है। जैविक उर्वरक का उत्पादन के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। राज्य की लगभग 35प्रतिशत ऊर्जा पशुधन पर आधारित है। यह पहल ठाामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रही है।

राजस्थान ने डेयरी क्षेत्र में जिस गति से प्रगति की है, वह राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आत्मविश्वासी बदलाव का परिचायक है। बढ़ती प्रसंस्करण क्षमता, सहकारिता का विस्तार, ऊर्जा आत्मनिर्भरता, पशुधन स्वास्थ्य सेवाएँ और पारदर्शी नीतियाँ इस क्षेत्र को नई ऊँचाइयों पर ले जा रही हैं। राजस्थान आज भारत के दुग्ध उत्पादन में केवल दूसरा स्थान नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर बढ़ता हुआ मजबूत दावेदार है। आने वाले वर्षों में यह प्रयास न केवल किसानों की आमदनी बढ़ाएंगे, बल्कि ग्रामीण राजस्थान के सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य को नई ऊर्जा और नए अवसर प्रदान करेंगे।

–लालचंद कटारिया,
पूर्व कृषि मंत्री

# गलवा बांध के गेट खोलकर सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा

## ‘पानी की एक-एक बूंद का मितव्यता से उपयोग हो ताकि अनावश्यक पानी की बर्बादी ना हों’

**टोंक,** (निसं)। संभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड़, देवली–उनियारा विधायक राजेन्द्र गुर्जर एवं जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को विधिवत रुप से पूजा अर्चना कर गलवा बांध के गेट खोलकर सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ा।

गलवा बांध से वर्ष 2025–26 में उपलब्ध पानी फसलों में पिलाई में दिये जाने के लिए गलवा बांध जल वितरण कमेटी की बैठक संभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को कृषि उपज मण्डी उनियारा में आयोजित हुई। बैठक में जल वितरण कमेटी के सदस्यों एवं किसानों ने नहरों साफ–सफाई एवं अवैध रुप से किये गये अतिक्रमण को हटाने की मांग रखी। संभागीय आयुक्त ने जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता निरंजन मीना को नहरों की साफ–सफाई एवं हो रहे अतिक्रमण को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए। साथ ही इस बात की सुनिश्चितता करने के लिए कहा कि नहर का पानी शीघ्र टेल तक पहुंचे। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि पानी की एक–एक बूंद का मितव्यता से ऊपयोग किया जाये ताकि अनावश्यक पानी की बर्बादी ना हों। जल संसाधन विभाग के अधिशाषी अभियंता निरंजन मीणा ने बताया कि वर्तमान में बांध में कुल 19 फिट 10 इंच पानी उपलब्ध है जो कि 47.05 मिलियन क्यूबिक फिट (1 हजार 661.56 मिलियन क्यूबिक फिट) है जो पूर्ण भराव क्षमता का 97.29 प्रतिशत है। वर्तमान में उपलब्ध पानी के दृष्टिगत सिंचित क्षेत्र के सभी काश्तकारों को सिंचाई हेतु पर्याप्त जल उपलब्ध कराया जा सकता है।



संभागीय आयुक्त अजमेर शक्ति सिंह राठौड़, विधायक राजेन्द्र गुर्जर एवं कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गलवा बांध के गेट खोले।

# जोधपुर एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस की आठ उड़ानें रद्द, यात्री परेशान हुये

## जोधपुर से मुंबई, दिल्ली, बेंगलूरु और हैदराबाद रूट की फ्लाइट्स कैंसिल होने से यात्री परेशान हुये

- **यात्रियों ने एयरलाइन के काउंटर पर हंगामा भी किया और जानकारी मांगी कि अचानक उड़ानें क्यों रद्द की**
- **यात्रियों ने कहा कि अगर फ्लाइट नहीं उड़ानी थी तो पहले ही बता देते, यात्रियों को 8 दिसंबर तक फ्लाइट संचालन नहीं होने की जानकारी दी जा रही है**
- **एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि नई ड्यूटी टाइम नियमावली, विंटर सीजन में बढ़े एयर ट्रैफिक और कुछ एयरपोर्ट्स पर तकनीकी दिक्कतों ने स्थिति और बिगाड़ दी है**

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस की 8 उड़ानें रद्द हो गई। इससे एयरपोर्ट पर अफरा–तफरी मच गई। जोधपुर से मुंबई, दिल्ली, बेंगलूरु और हैदराबाद रूट की फ्लाइट्स कैंसिल होने के बाद सैकड़ों यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ी।

यात्रियों ने एयरलाइन के काउंटर पर हंगामा भी किया और जानकारी मांगी कि अचानक उड़ानें क्यों रद्द कर दी गईं। यात्रियों ने कहा कि अगर फ्लाइट नहीं उड़ानी थी तो पहले ही बता देते। यात्रियों को 8 दिसंबर तक फ्लाइट संचालन नहीं होने की जानकारी दी जा रही है। वहीं इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने से दूसरी एयरलाइन कंपनियों ने किराया बढ़ा दिया है। कई यात्री सुबह से एयरपोर्ट पर फ्लाइट का इंतजार करते रहे, लेकिन घंटों बाद जब उड़ानें रद्द होने की जानकारी मिली तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। यात्रियों ने कहा कि उन्हें अंतिम समय पर कैंसिलेशन की सूचना दी गई। इससे उनकी आगे की योजनाएं पूरी तरह बिगड़ गई।

एक मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि सोमवार को पुणे में उसका एग्जाम है। इसके लिए जा रही थी। उन्हें 4 दिसंबर की फ्लाइट पहले दो बार डिले बताई गई। फिर शाम को कैंसिल कर दी गई। इसके बाद आज यानी 5 दिसंबर की फ्लाइट कन्फर्म बताई गई थी, लेकिन यहां पहुंची तो पता चला वो भी रद्द है। अब कहा जा रहा है कि 8 दिसंबर तक कोई फ्लाइट नहीं चलेगी। अगर उड़ान नहीं चलानी थी तो पहले ही बता देते। न कोई कॉल आया, न मैसेज। यहां पहुंचकर पता चला फ्लाइट रद्द है।

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो चार दिनों से क्रू मेंबर की कमी का सामना कर रही है। इसके चलते कई रूटों पर फ्लाइट ऑपरेशन प्रभावित हो रहे हैं। एयरलाइन सूत्रों ने बताया कि नई ड्यूटी टाइम नियमावली, विंटर सीजन में बढ़े एयर ट्रैफिक और कुछ एयरपोर्ट्स पर तकनीकी दिक्कतों ने स्थिति और बिगाड़ दी है। इधर इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने की वजह से दूसरी एयरलाइन कंपनियों ने अपना किराया बढ़ा दिया है, जिन्हें जल्दी अपने गंतव्य तक पहुंचना है, उन्हें अब बढ़ा हुआ किराया चुकाना पड़ रहा है।

# भिवाड़ी में ग्रेप उल्लंघन पर जुर्माना लगाया

- **35 साइटों का निरीक्षण किया, 11 स्थानों पर पाए गए उल्लंघन, चालान भी काटे**
- **बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान के पालन के लिए विभिन्न विभागों ने कार्रवाई की**

**अलवर,** (निसं)। भिवाड़ी में बढ़ते वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान ग्रेप के प्रभावी पालन के लिए विभिन्न विभागों ने संयुक्त कार्रवाई की। जिला प्रशासन, नगर परिषद, बीड़ा, रीको, आरएसपीसीबी और पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों ने गुरुवार को देर शाम तक निरीक्षण किए। इन कार्रवाइयों के दौरान ग्रेप के उल्लंघन पर 69 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निर्माण एवं ध्वस्तीकरण गतिविधियों वाली साइटों पर कुल 35 निरीक्षण किए गए, जिनमें 11 स्थानों पर उल्लंघन पाए गए। इस दौरान पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, नगर परिषद और रीको ने 11 चालान जारी कर जुर्माना वसूला।

नगर परिषद भिवाड़ी ने अवैध डंपिंग रोकने के लिए 4 निरीक्षण किए, जिसमें 2 चालान जारी कर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। कचरा जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए 7 निरीक्षण किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 4 चालान और दो हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। परिवहन विभाग ने प्रदूषण फैलाने वाले 7 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए छ हजार रुपए के चालान काटे। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 63 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। इस दौरान मानकों का पालन न करने वाले एक डीजी सेट को सील कर दिया गया।

सड़क पर धूल कम करने के प्रयासों के तहत, रीको, बीड़ा, नगर परिषद और हाउसिंग बोर्ड विभागों ने 19 टैंकर और वॉटर स्प्रिंकलर तैनात किए। इसके अतिरिक्त, 4 एमआरएसएम मशीनें भी लगाई गईं, जिनके माध्यम से कुल 66.5 किलोमीटर सड़क मार्ग की सफाई की गई।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**शनिवार 6 दिसम्बर, 2025**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, मृगशिरा नक्षत्र प्रातः 8:49 तक, शुभ योग रात्रि 11:46 तक, तैतिल करण दिन 11:11 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–वृश्चिक, बुध–तुला, गुरू–मिथुन, शुक्र–वृश्चिक, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज द्विपुष्कर योग सूर्योदय से प्रातः 8:49 तक है। बुध वृश्चिक में रात्रि 8:29 पर प्रवेश करेगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 8:24 से 9:42 तक, चर 12:18 से 1:36 तक, लाभ–अमृत 1:36 से 4:11 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:06, सूर्यास्त 5:29 तक

**मेष**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

**तुला**
अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। नवीन कार्यों में परेशानी हो सकती है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**धनु**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**मकर**
स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 47 संख्याः 133 प्रभात बीकानेर, शनिवार 6 दिसम्बर, 2025 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रू.

# 'आतंक के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ लड़ेंगे'

## पुतिन की इस टिप्पणी से पाकिस्तान के पसीने छूटे

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पाकिस्तानी विश्लेषकों ने कहा कि आतंक के खिलाफ जंग में रूस और भारत के साथ आने से क्षेत्रीय संतुलन बिगड़ सकता है, क्योंकि पाकिस्तान पहले से ही आर्थिक विपन्नता, राजनैतिक उठापटक और पश्चिम के साथ तनावपूर्ण संबंधों से त्रस्त है और वह भारत और रूस की ताकत का मुकाबला नहीं कर सकता।
- भारतीय विश्लेषकों ने पुतिन के बयान को कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि भले ही यह बात अनायास ही कही गई हो, पर, चूंकि पुतिन अपने ताकत दिखाने वाले बयानों के लिए जाने जाते हैं, इसलिए यह बयान काफी महत्वपूर्ण है और इससे दुनिया भर में दोनों देशों के मजबूत संबंधों का मैसेज जाता है।

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन की हालिया टिप्पणी, जो उन्होंने अपनी हाई -प्रोफ़ाइल भारत यात्रा के दौरान की, ने तुरंत ही एक भू-राजनीतिक तूफान को जन्म दे दिया, जिसकी एक अकेली नाटकीय लाइन से दुनिया भर की राजधानियों में तीव्र बहस शुरु हो गई। भारतीय नेताओं के साथ खड़े होकर पुतिन ने एक ऐसे सशक्त वाक्य का इस्तेमाल किया, जिसे कई टिप्पणीकारों ने इस रूप में व्याख्यायित किया कि रूस "भारत के साथ मिलकर आतंकवाद से लड़ेगा।" यह बयान लाइव प्रसारण के दौरान दिया गया और विभिन्न मीडिया आउटलेट्स पर पुनः प्रसारित हुआ। यह बयान शीघ्र ही वैश्विक चर्चाओं पर छा गया। जहाँ मॉस्को ने बाद में इस टिप्पणी को भारत के साथ लंबी अवधि से चल रही आतंकवाद- विरोधी साझेदारी के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया, वहीं, उक्त वाक्यांश इतना प्रभावशाली था कि इसने कयासों और रणनीतिक हिसाब-किताब की झड़ी का माहौल बना दिया।

इसकी प्रतिक्रिया इतनी तीव्र कहीं नहीं थी, जितनी पाकिस्तान में। इस्लामाबाद की राजनीतिक और मीडिया की टीका-टिप्पणी हद से ज्यादा रही। उन्होंने इस टिप्पणी को क्षेत्रीय सम्बंधों में एक ऐसे बदलाव के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे पाकिस्तान की रणनीतिक चिंताएं और गहरी हो सकती हैं। पाकिस्तानी विश्लेषकों ने चेतावनी दी कि अगर रूस वाकई भारत के साथ आतंकवाद विरोधी सहयोग को मजबूत करने का संकेत दे रहा है, तो यह ऐसे समय में "क्षेत्रीय संतुलन को गड़बड़ा सकता है," जब पाकिस्तान पहले ही आर्थिक नाजुकता, राजनीतिक बदलाव और पश्चिमी शक्तियों के साथ तनावपूर्ण रिश्तों से जूझ रहा है। प्राइम-टाइम शो और सोशल मीडिया अकाउंट्स ने इस चिंता को और बढ़ाया, और ऐसे परिदृश्यों को सामने रखा, जिनमें मॉस्को का नई दिल्ली की ओर झुकाव दक्षिण एशियाई सुरक्षा प्रक्रिया को प्रभावित कर सकता है, विशेष रूप से भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच।

इसी बीच, भारतीय विश्लेषकों ने पुतिन की इस टिप्पणी को कूटनीतिक जीत के रूप में देखा, भले ही यह टिप्पणी गैर-इरादतन की गई हो। नई दिल्ली के रणनीतिक हलकों में इसे भारत के साथ रूस के दशकों पुराने सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने के रूप में देखा गया। कुछ विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि पुतिन, जो अनौपचारिक और मजबूत बयानों के लिए प्रसिद्ध हैं, ने शायद इस व्यापक संदेश को रेखांकित करने का प्रयास किया: रूस भारत को क्षेत्र में स्थिरता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# इंडिगो की एक हज़ार से ज्यादा उड़ानें रद्द

- इंडिगो चालक दल की कमी और परिचालन सम्बंधी समस्याओं से जूझ रही है। नागर विमानन महानिदेशालय ने स्थिति की जांच के लिए समिति गठित की है।

नयी दिल्ली, 05 दिसंबर। चालक दल की कमी और परिचालन संबंधी समस्या से जूझ रही इंडिगो की शुक्रवार को देश भर में "1,000 से अधिक" उड़ानें रद्द रहीं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मामले की जांच के लिए एक संयुक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसके अलावा इंडिगो के ऑपरेशनल नियंत्रण केन्द्रों में डीजीसीए की टीमों की तैनाती की जायेगी, जो उड़ानों में देरी/उड़ानें रद्द होने और प्रभावित यात्रियों के लिए की गयी व्यवस्था की निगरानी करेंगी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन को दिए राष्ट्रपति के भोज में राहुल और खड़गे को निमंत्रण नहीं

## राहुल लोकसभा में तथा खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता हैं, उन्हें निमंत्रित नहीं करने से भारी आश्चर्य है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- गौरतलब है कि राष्ट्रपति के रात्रिभोज का कार्यक्रम, मेहमानों की लिस्ट पीएमओ बनाता है। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, यह छोटी सोच और असुरक्षा की भावना की हद है और निंदनीय कृत्य है।
- हैरानी की बात है कि कांग्रेस के सांसद शशि थरूर को डिनर का निमंत्रण भेजा गया है।
- एक दिन पहले ही राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि केन्द्र सरकार किसी भी विदेशी प्रतिनिधि से बतौर नेता प्रतिपक्ष उन्हें मिलने देना नहीं चाहती है।

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के लिए राष्ट्रपति भवन में आयोजित रात्रिभोज में लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं को निमंत्रण नहीं दिया और इस बात ने पूरे देश को चौंका दिया है।

यह रात्रिभोज राष्ट्रपति द्वारा आयोजित किया जा रहा है, लेकिन निमंत्रण सूची और अन्य विवरण प्रधानमंत्री और उनके कार्यालय द्वारा तैयार किए जाते हैं, और एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि यह कदम निंदनीय है तथा छोटी सोच और असुरक्षा की भावना की उच्चतम सीमा को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद शशि थरूर, जो संसद में विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष हैं, को निमंत्रण मिला है। कल ही राहुल गांधी ने यह बात उठाई थी कि मोदी सरकार नहीं चाहती कि किसी भी विदेशी प्रतिनिधि से वे विपक्ष के नेता के रूप में मिलें।

परंपरा और प्रचलन से यह विचलन विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस पार्टी, को बहुत खला है।

कांग्रेस और सत्तारूढ़ भाजपा के बीच संबंध तेजी से नीचे की ओर जा रहे थे, लेकिन हाल ही में जिस तरह से मोदी - राहुल गांधी को निशाना बनाते रहे हैं, वह भविष्य में व्यक्तिगत राजनीतिक रिश्तों के लिए अच्छा संकेत नहीं है।

दूसरे वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि इस घटनाक्रम से कड़वाहट और बढ़ेगी, और आज का घटनाक्रम मामलों को और खराब कर सकता है।

# 'अमेरिका अपने न्यूक्लियर प्लांट्स के लिए खुद हम से फ्यूल खरीदता है'

## पुतिन ने कहा, अगर अमेरिका को हम से फ्यूल खरीदने का अधिकार है तो भारत को भी है

- जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पुतिन ने ऐसा कहकर अमेरिका के दोहरे मानदंडों को उजागर किया, क्योंकि अमेरिका ने भारत पर रूस से तेल नहीं खरीदने का दबाव डाला था।
- पुतिन ने कहा, अब भारत एक बड़ी ग्लोबल पावर है और मोदी किसी के भी दबाव में नहीं आते हैं और ना तो मैंने, ना ही मोदी ने अपने सहयोग का इस्तेमाल किसी तीसरे देश के खिलाफ किया है।

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। रूसी राष्ट्रपति व्यादिमिर पुतिन ने मॉस्को के साथ भारत की बढ़ती ऊर्जा साझेदारी का बचाव किया, यह तर्क देते हुए कि "कुछ तत्व" नई दिल्ली के बढ़ते प्रभाव को नापसंद करते हैं और राजनीतिक कारणों से कृत्रिम बाधाएं उत्पन्न कर रहे हैं, साथ ही यह दावा किया कि वॉशिंगटन के दोहरे मानकों के तहत, अमेरिका, रूस से परमाणु सामग्री खरीदता है।

अपने दो-दिन के दौरे से पहले इंडिया टुडे के साथ एक साक्षात्कार में पुतिन ने कहा कि पश्चिमी प्रतिबंधों और रूसी तेल के भारतीय आयातों पर अमेरिकी जुर्माना शुल्क से भारत-रूस ऊर्जा सहयोग विघटित या भंग नहीं हुआ है, तथा वह "अप्रभावित" बना हुआ है।

अमेरिका के दोहरे मानदंड का जिक्र करते हुए पुतिन ने कहा कि अमेरिका, रूस से परमाणु सामग्री खरीदना जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा, "जहाँ तक भारत के रूस से ऊर्जा संसाधनों की खरीदारी का सवाल है, स्वयं अमेरिका अभी भी हमसे अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के लिए परमाणु ईंधन खरीदता है।" उन्होंने कहा, "अगर अमेरिका को हमारा ईंधन खरीदने का अधिकार है, तो भारत को वही अधिकार क्यों नहीं मिलना चाहिए?"

पुतिन ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत-रूस संबंधों का उद्देश्य किसी तीसरे देश को निशाना बनाना या उसके खिलाफ काम करना नहीं है। उन्होंने कहा, "न तो मैंने और न ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कभी हमारी सहयोग योजना को किसी के खिलाफ काम करने के रूप में देखा है।"

उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अब "एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी" बन चुका है और मोदी "ऐसे व्यक्ति नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन राजघाट गए, महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली, 05 दिसंबर। भारत यात्रा पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शुक्रवार को राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। पुतिन ने बापू की समाधि पर सिर झुकाया और परिक्रमा की। उन्होंने एक पुष्प चक्र चढ़ ाया और बापू के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

उन्होंने राजघाट पर रखी स्मारिका में रूसी भाषा में लिखा, "महात्मा गांधी ने अहिंसा और सच्चाई के ज़रिए हमारी धरती पर शांति के लिए एक अनमोल योगदान दिया, जिसका प्रभाव आज भी कायम है। महात्मा गांधी ने एक नयी, ज़्यादा निष्पक्ष, बहुध्रुवीय दुनिया की व्यवस्था का रास्ता दिखाया। समानता, आपसी सम्मान और सहयोग पर अपनी शिक्षाओं में, आज भारत, दुनिया के लोगों के साथ मिलकर, अंतरराष्ट्रीय मंच पर इन्हीं सिद्धांतों और मूल्यों की रक्षा करता है।" उन्होंने यह भी लिखा, "रूस भी ऐसा ही करता है।"

गौरतलब है कि पुतिन भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए हुए हैं। इससे पहले उनका राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें सलामी गारद दी गयी।

# केन्द्रीय मंत्री अर्जुनलाल मेघवाल पंजाब से उल्टे पांव लौटे

## पंजाब में एक बार फिर अपने फैसले से पलटी केन्द्र सरकार, पहले भी जन विरोध के कारण कई फैसले पलटने पड़े हैं

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- केन्द्रीय कानून व न्याय मंत्री मेघवाल गंग नहर के शताब्दी कार्यक्रम में भाग लेने पंजाब गए थे, पर भारी जन विरोध के कारण, केन्द्र सरकार ने उन्हें वापस बुला लिया। मेघवाल एयरपोर्ट से बाहर भी नहीं निकले और लौट गए।
- हालांकि, उन्होंने श्रीगंगानगर में हुए गंग नहर शताब्दी कार्यक्रम में भाग लिया, उस कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल भी थे।
- पंजाब में गंग नहर का हमेशा से विरोध होता रहा है। यहाँ के लोगों का मत है कि अंग्रेजों ने बीकानेर को खुश करने के लिए गंग नहर बनाई थी, जो पंजाब के हक का पानी बीकानेर को देती है।

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। "आप" -शासित पंजाब में केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में लगातार यू-टर्न्स लिये जाने के बाद, केन्द्र सरकार को गुरुवार को एक और शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, जब क़ानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, जो बीकानेर से सांसद भी हैं, को अमृतसर एयरपोर्ट से ही लौटना पड़ा। वे फ़िरोज़पुर ज़िले के हुसैनीवाला में होने वाले गंग नहर के शताब्दी कार्यक्रम में नहीं गए। रिपोर्टों के अनुसार, मेघवाल एयरपोर्ट से बाहर भी नहीं निकले, और लगभग दो घंटे के भीतर ही दिल्ली लौटने वाली उड़ान से वापस चले गए। हालांकि, मंत्री शुक्रवार को राजस्थान के श्री गंगानगर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मौजूदगी में गंग नहर के शताब्दी कार्यक्रम में शामिल हुये।

पंजाब और राजस्थान के बीच पानी के बंटवारे का मुद्दा हमेशा से विवादित रहा है, और पंजाब के किसान अक्सर इसे राज्य के साथ अन्याय मानते हुए, इसका विरोध करते रहे हैं। कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा, "गंग नहर कभी भी पंजाब के लिए कोई तोहफ़ा नहीं रही, बल्कि यह राज्य के साथ हुए ऐतिहासिक अन्याय को प्रदर्शित करती है। जिस नहर ने पंजाब का पानी छीना, उसी का जश्न मनाना हमारी मान-मर्यादा का अपमान है।" इसी तरह, आप नेता नील गर्ग ने भी कहा कि "तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत ने बीकानेर को खुश करने के लिए पंजाब का पानी छीन लिया था। इस कार्यक्रम का सम्मान नहीं, निन्दा की जानी चाहिए।"

सूत्रों ने बताया कि मेघवाल के अमृतसर पहुँचने के तुरंत बाद, केन्द्र ने उन्हें वापस लौटने की सलाह दी, क्योंकि पंजाब में इस सम्बंध में राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज़ी से बढ़ रही थी। राज्य भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा कि गंग नहर, पानी के बंटवारे के कारण, पंजाब में बेहद संवेदनशील और विवादास्पद मुद्दे के रुप में है। उन्होंने कहा, "मैं आभारी हूँ कि केन्द्र ने समय रहते पंजाब की संवेदनशीलता को समझ लिया।"

मेघवाल का यह प्रकरण केन्द्र सरकार के कई हालिया यू-टर्न्स के बाद सामने आया है। अक्टूबर में, केन्द्र ने पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट और सिंडिकेट के पुनर्गठन का नोटिफिकेशन जारी किया था, लेकिन उस पर हुई तीखी प्रतिक्रिया के बाद, उसे वापस लेना पड़ा। केन्द्र ने संविधान में संशोधन कर चंडीगढ़ को अनुच्छेद 240 में शामिल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रिज़र्व बैंक ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत की कमी की

- आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा इससे घर व वाहन खरीद के लिए लोन लेने वालों को लाभ होगा।

मुंबई, 05 दिसंबर। रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बाजार की उम्मीद के मुताबिक रेपो दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद शुक्रवार को नीतिगत दरों की घोषणा करते हुए कहा कि समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 5.25 प्रतिशत करने का फैसला किया है जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उन्होंने बताया कि मुद्रास्फीति (इन्फ्लेशन)निम्नतम स्तर पर बनी हुई है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची बनी हुई है। इससे केंद्रीय बैंक के पास नीतिगत ब्याज दरों में कटौती का मौका है।

# पुतिन ने भारत के साथ ट्रेड 100 बिलियन डॉलर वार्षिक पहुँचाने का लक्ष्य तय किया

## अभी दोनों देशों में प्रति वर्ष 65 बिलियन डॉलर का बिज़नैस होता है

- अंजन रॉय -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- भारतीय उद्योगपतियों व व्यवसायियों के साथ एक महत्वपूर्ण मुलाकात में पुतिन ने यह बात कही।
- पुतिन ने उन हाई प्रोफाइल प्रोजैक्ट्स की जानकारी दी, जिन्हें भारत व रूस द्वारा मिलकर शुरु किया जाएगा।
- इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि पुतिन द्वारा की गई ये घोषणाएं पश्चिमी देशों व अमेरिका को परेशान कर रही हैं। खासकर इसलिए कि अमेरिका व पश्चिम जी तोड़ कोशिश कर रहे हैं, रूस को अलग-थलग करने की, पर, उन्हें कामयाबी नहीं मिल रही है।
- भारत व रूस हमेशा से अच्छे मित्र रहे हैं। पर, हाल ही में ये संबंध और मजबूत हुए हैं और इसका कारण है, अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप, जिनकी धौंस-धपड़ वाली टैरिफ नीति ने भारत को रूस के और निकट कर दिया।

नई दिल्ली, 5 दिसंबर। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने भारत के साथ 100 अरब डॉलर के व्यापार लक्ष्य को हासिल करने का लक्ष्य तय किया है। फिलहाल दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 65 अरब डॉलर सालाना है, जो उसकी वास्तविक क्षमता से काफी कम है।

रूसी राष्ट्रपति इन दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर भारत यात्रा पर हैं। आज एक व्यावसायिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए पुतिन ने उन व्यापक क्षेत्रों का ज़िक्र किया, जिनमें भारत और रूस मिलकर काम करने की योजना बना रहे हैं।

पुतिन की यह राजकीय यात्रा पश्चिमी देशों, खासकर अमेरिका, के लिए सीधी चुनौती मानी जा रही है, क्योंकि पश्चिम, भारत पर रूसी कच्चा तेल खरीदने को लेकर लगातार दबाव डालता रहा है। डॉनल्ड ट्रंप ने तो इस मुद्दे पर भारत को लगभग अलग-थलग कर दिया और आर्थिक दंड भी लगाए।

भारत यह सब किसी हद तक स्वीकार कर लेता, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने, आतंकवादियों द्वारा पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को खुले तौर पर तवज्ज़ो दी। हमले के तुरंत बाद उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर को वाइट हाउस में लंच के लिए बुलाया था।

अतः कोई आश्चर्य नहीं कि द्विपक्षीय सहयोग के कई अन्य क्षेत्रों में भारत ने खासतौर पर आतंकियों से निपटने में रूस द्वारा पूरे दिल से दिए गए समर्थन का खास जिक्र किया।

जहाँ वर्तमान यात्रा के दौरान घोषित कई आर्थिक सहयोग कार्यक्रम दोनों देशों के हित में हैं, वहीं इन महत्वाकांक्षी योजनाओं को खुले तौर पर सामने रखने को भारत की पश्चिमी देशों के प्रति स्पष्ट चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

जब पश्चिमी देश रूस के खिलाफ अपने अभियान और आरोपों को तेज़ कर रहे हैं, भारत पुतिन को गले लगा रहा है, जिन्हें पश्चिम अक्सर एक ऐसे खूनी निरंकुश शासक बताता है, जो बलपूर्वक एक संप्रभु देश पर कब्ज़ा करना चाहता है।

दुनिया भर के कूटनीतिक गलियारों में लगातार यह सवाल उठ रहा है कि भारत, पुतिन और रूस की कितनी तारीफ कर सकता है, जबकि साथ ही वह पश्चिमी देशों के साथ करीबी सहयोग के विचारों को भी बढ़ावा दे रहा है।

कई यूरोपीय नेताओं ने ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा उत्पादन, रक्षा निर्माण और महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय परिवहन गलियारों में रूस के साथ भारत की बढ़ती निकटता को लेकर अपनी बेचैनी ज़ाहिर की है।

पुतिन ने भारत और रूस के बीच शुरू कई हाई-प्रोफाइल संयुक्त परियोजनाओं की लंबी सूची जारी की है। यह सूची न सिर्फ दोनों देशों के हितों की पूर्ति के लिए है, बल्कि बाकी दुनिया को यह दिखाने के लिए भी है कि वैश्विक मंच पर वैकल्पिक कूटनीतिक व्यवस्थाएँ भी मौजूद हैं।

पुतिन द्वारा तय किया गया व्यापार लक्ष्य तभी संभव है, जब मौजूदा व्यापार कई गुना बढ़े। पिछले साल भारत-रूस व्यापार में सिर्फ 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। पुतिन ने बताया कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नए प्रस्तावों का एक पैकेज तैयार किया जा रहा है।

तेज़ी से व्यापार बढ़ाने का एक तरीका यह होगा कि आर्थिक सहयोग के दायरे को और व्यापक किया जाए। नए क्षेत्रों में साझेदारी खोजकर उन्हें लागू किया जाए, ताकि व्यापार में तेज़ बढ़ोतरी हो। दोनों देशों को अपनी-अपनी राष्ट्रीय मुद्राओं में व्यापार निपटाने की सुविधा भी सुनिश्चित करनी चाहिए।

इसके अलावा, भारत और रूस ने दोनों देशों में जॉइंट मैनुफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए मिलकर काम करने का वादा किया है। भारतीय और रूसी दवा कंपनियों के सहयोग से रूस में एक बड़ी फार्मास्युटिकल कंपनी बन रही है।

# अनिल अंबानी की 1120 करोड़ की संपत्ति ईडी ने जब्त की

- ईडी ने यह कार्यवाही रिलायंस होम फाइनैंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनैंस लिमिटेड और यस बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में की है।

नयी दिल्ली, 05 दिसंबर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रसिद्ध उद्योगपति अनिल अंबानी की रिलायंस समूह की 18 संपत्तियों, फिक्स्ड डिपॉजिट, बैंक में जमा राशि और असूचीबद्ध निवेश में उनकी शेयरधारिता को जब्त किया है, जिनकी कीमत 1,120 करोड़ रुपये है।

ईडी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्रवाई रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और यस बैंक फ्रॉड केस के सिलसिले में की गयी है। ईडी अधिकारी ने बताया कि कुर्क की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दो पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ने पर विवाद हिंसक हुआ, पांच गिरफ्तार

## बाइक को आग लगाई, प्रेम प्रसंग से जुड़ा विवाद बताया जा रहा है

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू विधानसभा क्षेत्र के शिवदासपुरा थाना क्षेत्र के चंदलाई गांव में गुरुवार सुबह दो पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ने पर विवाद हिंसक हो गया। स्थिति इतनी बिगड़ी कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की मोटरसाइकिल में आग लगा दी। आग लगने के कुछ ही मिनटों में बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी लेखराज मीणा ने बताया कि चंदलाई बस स्टैंड के पास शिव मंदिर के सामने दो पक्षों के बीच मारपीट की खबर मिली थी और एक बाइक को जला दिया गया था। थानाधिकारी सुरेंद्र सैनी पुलिस जाब्ते के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने तक घटनास्थल पर करीब 100-150 लोगों की भीड़ जमा हो चुकी थी। भीड़ का आक्रोश बढ़ता देख



मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची।

पुलिस को दोनों पक्षों को अलग करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान कुछ लोगों ने पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की करने की भी कोशिश की, जिसे देखते हुए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद दोनों पक्षों के कई लोगों को मौके से हिरासत में लेकर थाने लाया गया। जली हुई मोटरसाइकिल भी जब्त कर थाने में रखवाई।

पुलिस की प्राथमिक जांच से पता चला कि विवाद के पीछे प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। पूरे मामले की पुष्टि होने पर पुलिस ने केस दर्ज किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पक्ष से कैलाश शर्मा (30) और दूसरे पक्ष से लालाराम उर्फ लालचंद योगी (50), मदन योगी (25), राजेश योगी (28) और उमेश कुमार (34) को पकड़ा गया है। सभी आरोपी चंदलाई गांव के रहने वाले हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान भी कर रही है।

- कुछ लोगों ने पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की करने की भी कोशिश की

# अलवर से चोरी हुआ तेजाब से भरा टैंकर हरियाणा में पकड़ा

## पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया

**अलवर, (निसं)।** अलवर शहर के एनईबी थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात ट्रांसपोर्ट नगर स्थित जीवनधारा हॉस्पिटल के पास से तेजाब से भरा एक टैंकर चोरी हो गया। टैंकर में करीब छह लाख रुपए कीमत का तेजाब भरा हुआ था।

ट्रक ड्राइवर चंचल सिंह ने बताया कि वह कंपनी से तेजाब भरवाकर टैंकर को अपने घर के पास खड़ा कर गया था। उसे सुबह करीब चार बजे टैंकर को लेकर बहरोड़ के पास केसवाणा स्थित एक कंपनी में पहुंचना था, लेकिन जब वह सुबह टैंकर के पास पहुंचा तो पता लगा कि वाहन चोरी हो चुका है। ड्राइवर ने तुरंत ट्रक मालिक को इसकी सूचना दी, जिसके बाद गुरुवार सुबह एनईबी थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। टैंकर में जीपीएस लगा हुआ था, जिसकी लोकेशन हरियाणा के पुन्हाना क्षेत्र में मिली। इस आधार पर अलवर पुलिस ने हरियाणा पुलिस की मदद से वहां से टैंकर को बरामद कर लिया। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है, हालांकि पुलिस ने अभी उसके नाम का खुलासा नहीं किया है।

जब टैंकर मालिक ने टैंक की जांच की तो पता लगा कि उसमें सिर्फ आधा तेजाब बचा है, जबकि करीब तीन लाख रुपये कीमत का तेजाब गायब है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है कि तेजाब कहां और किसे बेचा गया। पुलिस ने टैंकर को जब्त कर थाने में खड़ा कर दिया है और मामले की आगे जांच जारी है।

- टैंकर में करीब छह लाख रुपए कीमत का तेजाब भरा हुआ था

# रामगंजमण्डी में युवक की संदिग्ध मौत

**रामगंजमण्डी, (निसं)।** शहर में शुक्रवार को युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए मृतक नवनीत सोनी की लाश को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार शुक्रवार को फरियादी यशंवत सोनी पुत्र मनमोहन सोनी निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रामगंजमण्डी जिला कोटा ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की कि मैं व मेरा भाई नवनीत सोनी दोनों रामगंजमण्डी में रहते हैं। मेरा भाई नवनीत व उसका लड़का हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी रामगंजमण्डी में निवास करते हैं। मेरे भाई के परिवार में भाई की पत्नी कृष्णा सोनी दो लड़कियां नम्रता 5 साल, रिदिमा साढे तीन साल है। गुरुवार को मेरे छोटे भाई की पत्नी कृष्णा सोनी व बच्चियां व मेरी माताजी कोटा शादी में गये थे। घर पर मेरा भाई नवनीत ही था। मेरे पास कोटा से जीजाजी दिनेश सोनी का फोन आया व बताया कि आपके छोटा भाई नवनीत सोनी की मृत्यु हो गई है। मैं कनवास से वापस रामगंजमण्डी आया। मेरे भाई के घर पर गया तो जमीन पर मेरे भाई नवनीत को लेटाया हुआ था। मैंने मेरे भाई को देखा तो मेरे भाई के पूरे शरीर पर जगह-जगह चोटों के निशान थे। जिसमें हाथ, पैर, पीठ, सीना, कुल्हा व मुंह पर सूजन आ रही थी। मेरे भाई की मौत हो गई थी। मैंने पूछा तो लोगों ने बताया कि रात्रि को मेरे भाई नवनीत व उसके मित्र अशोक योगी निवासी रामगंजमण्डी ने रात्रि शराब पी है। इनके साथ गौरव सोनी भी रात्रि में आया था। मुझे शंका है कि अशोक व गौरव ने मेरे भाई के साथ मारपीट कर चोटे पहुंचाई है। मेरे भाई के चोटें लगने के कारण उसकी मौत हो गई है। थाना रामगंजमण्डी पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान राजकुमार उप निरीक्षक द्वारा प्रारम्भ किया गया। प्रकरण में दौराने अनुसंधान मृतक की नवनीत की लाश का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। लाश की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की गई। घटनास्थल का निरीक्षण एफ.एस.एल. टीम द्वारा किया गया। प्रकरण की घटना में संलिप्त तथा कथित आरोपी गौरव सोनी को पूछताछ के लिये तलब किया गया है।

# बांग्लादेशियों को भारत से हटा दें तो देश और वोटर लिस्ट दोनों सुरक्षित : तोगड़िया

- अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया जोधपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से मुखातिब हुए
- डॉ. तोगड़िया ने राजस्थान में बनाए धर्मांतरण कानून सराहा और कहा कि उदयपुर, बांसवाड़ा, हनुमानगढ़ जैसे जिलों में धर्मांतरण का खेल चल रहा है

**जोधपुर, (कासं)।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि देश में तीन करोड़ बांग्लादेशी हैं, जिनको हटाने से मतदाता सूची अपने आप ठीक हो जाएगी। वहीं देश भी सुरक्षित हो जाएगा। तोगड़िया यहां जोधपुर प्रवास के दौरान पत्रकारों से मुखातिब हुए।

डॉ. तोगड़िया ने कहा कि एसआईआर मतदाता सूची को ठीक करने के लिए चल रही है। यह प्रयास अच्छा है, लेकिन मेरा कहना है कि बांग्लादेशियों को भारत से ही हटा दें तो देश भी सुरक्षित बनेगा और मतदाता सूची खुद ब खुद सुरक्षित हो जाएगी। देश की आंतरिक सुरक्षा पर तोगड़ियाने कहा कि उदयपुर में कन्हैयालाल का गला काटना हम भूल नहीं पाए। सभी को इन जेहादी गतिविधियों को रोकने में लगाना चाहिए। जिहादी गतिविधियां पूरे देश में चल रही हैं। पहलगाम और दिल्ली ब्लास्ट इसका उदाहरण है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा पर कहा कि रूस और भारत के संबंध बहुत पुराने और प्रगाढ़ हैं। डॉ. तोगड़िया ने राजस्थान में बनाए धर्मांतरण कानून सराहा। बोले कि उदयपुर, बांसवाड़ा और हनुमानगढ़ जैसे जिलों में धर्मांतरण का खेल चल रहा है। इसे रोकने को हम भी प्रयासरत हैं। सरकार कानून बनाकर भी इनको रोकें। किसी भी हाल में धर्मांतरण नहीं होना चाहिए। खासतौर से कानून बनने के बाद उसके प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करना जरूरी है।

तोगड़िया ने कहा कि हम हिंदुओं को जागृत करने और उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हनुमान चालीसा केंद्र गांव, गली व मोहल्ले तक चला रहे हैं। हर मंगलवार एवं शनिवार को हनुमान चालीसा होता है। इसके अलावा हिंदुओं की स्वास्थ्य जांच के लिए भी हम काम कर रहे हैं, जिससे कि ब्लड प्रेशर, शुगर और हार्ट से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित न हों। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ धर्म को भी मजबूत करेंगे तो हम विकसित होने की राह पर चलेंगे।

# 108 एंबुलेंस में महिला ने बच्चे को जन्म दिया

**अलवर, (निसं)।** अलवर जिले के थानागाजी के दुहार चौगान में एक महिला ने 108 एम्बुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया। एम्बुलेंस के ईएमटी अमीचंद गुर्जर और ड्राइवर मान सिंह ने प्रसव कराया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं, जिन्हें बाद में थानागाजी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ईएमटी अमीचंद गुर्जर ने बताया कि वे शाम पांच बजे दुहार चौगान में राधा देवी के घर पहुंचे और प्रसूता को लेकर रवाना हुए। लगभग सात मिनट बाद ही महिला ने एम्बुलेंस में बच्चे को जन्म दे दिया। उन्होंने बताया कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# लाखों का माल हड़पा, मामला दर्ज

**उदयपुर, (का.सं.)।** शहर के हाथीपोल थाना पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ लाखों का माल हड़पने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित मो. शादाब खां पुत्र अब्दुल लतीफ निवासी अलीपुरा ने आरोपी फिरोज खां पुत्र मेहमूद खां निवासी मंसुरी हाउस रजा कॉलोनी अम्बामाता के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि आरोपी के साथ हिस्सेदारी में राजस्थान ट्राईबल आर्ट के नाम से हैण्डीक्राफ्ट का काम करता था। कुछ समय बाद काम करना बंद कर दिया। इस दौरान आरोपी 13 दिसंबर 18 को 20 लाख रूपये का माल ट्रक में भर कर हेण्डीक्राफ्ट शोरूम आबूरोड़ ले जाकर खाली कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

- 20 लाख का माल ट्रक में भर कर हेण्डीक्राफ्ट शोरूम आबूरोड़ ले जाकर खाली किया

# मोटर गैराज में आग लगाने वाला मास्टर माइंड गिरफ्तार

**झुंझुनूं, (निसं)।** पुलिस ने 29 नवंबर की रात को चूरू बाईपास पर गैराज फूंकने वाले बदमाश अनिल कुमावत उर्फ हांडिया को गिरफ्तार कर लिया है। अनिल कुमावत उर्फ हांडिया को मोडा पहाड़ इलाके से गिरफ्तार किया है। वह महिलाओं के कपड़े पहनकर फरारी काट रहा था और मोडा पहाड़ के गड्ढों में छुपा हुआ था, जो अपनी पत्नी से मिलने आया तो पुलिस ने उसे धर दबोचा।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 29 नवंबर की रात को चूरू बाईपास स्थित मन्नत मोटर्स के गैराज में खड़ी 18 गाडियों को पेट्रोल डालकर आग लगाने का मास्टर माइंड अनिल कुमावत उर्फ हांडिया था, जिसने ही अपने अन्य साथियों के साथ पूरा का पूरा गैराज फूंक डाला। इस मामले में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। वहीं दो नाबालिगों को भी निरूद्ध किया गया था। इस मामले के मास्टर माइंड अनिल कुमावत उर्फ हांडिया की तलाश में टीमों ने अनिल कुमावत के संभावित ठिकानों झुंझुनूं शहर, बगड, चिडावा, पिलानी, सिंघाना, खेतड़ी, गुढा, उदयपुरवाटी, नवलगढ़, मुकुन्दगढ़, सीकर, जयपुर में दबिशें दी थी। इसी दौरान दो दिन पहले तीन दिसंबर को पुलिस को सूचना मिली कि



बदमाश अनिल कुमावत उर्फ हांडिया।

अनिल कुमावत उर्फ हांडिया मोडा पहाड़ में महिलाओं के कपडे पहने हुए गड्ढों में छुपा हुआ है, जो आधी रात को पुलिस से छुपकर अपनी पत्नी से मिलने घर जाएगा। पुलिस ने सूचना पर मोडा पहाड़ में तलाश शुरू की। इस दौरान एक गड्ढे में अनिल कुमावत महिलाओं के कपडे में दिखाई दिया। जिसे घेराबंदी कर पकड़ने की कोशिश की तो वह भागने लगा और पहाड़ में ही बने दूसरे गड्ढे में जा गिरा। जिससे उसका पैर टूट गया। पुलिस ने पहले उसका इलाज करवाया और पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार शाम को मौका तस्दीक के लिए अनिल कुमावत को पैदल ही मन्नत मोटर्स ले जाया गया, जहां पर उसने मौका तस्दीक किया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने पुलिस के जिंदाबाद के नारे लगाए और शहर कोतवाल श्रवण कुमार, जांच अधिकारी एसआई रामनिवास और अन्य पुलिसकर्मियों का माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं बदमाश अनिल कुमावत भी कान पकडे हुए नजर आए। पूरे रास्ते वह कान पकड़े रहा और मुझसे गलती हो गई। आगे नहीं करूंगा। अपराध मत करो। बोलता सुनाई दिया।

- महिलाओं के कपड़े पहनकर फरारी काट रहा था और मोडा पहाड़ के गड्ढों में छुपा हुआ था

# सरिस्का अभयारण्य का सिलीबेरी गेट खोलने की मांग

## बिना किसी पूर्व सूचना के गेट बंद कर दिया था



ग्रामीणों ने वन मंत्री संजय शर्मा को ज्ञापन सौंप सिलीबेरी गेट खोलने की मांग की है।

- गेट को बंद होने से स्थानीय लोगों के आवाजाही, व्यापार, रोजगार और धार्मिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ा है
- बालेटा, पृथ्वीपुरा, खारेड़ा और पूनखर सहित कई गांवों के ग्रामीणों ने वन मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**अलवर, (निसं)।** मालाखेड़ा क्षेत्र के बालेटा, पृथ्वीपुरा, खारेड़ा और पूनखर सहित लगभग एक दर्जन गांवों के ग्रामीणों ने वन मंत्री संजय शर्मा को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सरिस्का अभयारण्य के सिलीबेरी गेट को तुरंत खोलने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि सरिस्का अभयारण्य क्षेत्र में स्थित श्री पांडुपोल हनुमानजी महाराज मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। दूर-दराज से आने वाले भक्त परंपरागत रूप से सिलीबेरी गेट से होकर ही मंदिर पहुंचते रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में बिना किसी पूर्व सूचना के सिलीबेरी गेट को बंद कर दिया गया है। इस निर्णय से स्थानीय लोगों के आवाजाही, व्यापार, रोजगार और धार्मिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ा है। श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचने के लिए अब लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें परेशानी हो रही है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि सिली बेरी गेट को पूर्व की भांति आमजन के लिए तुरंत खोला जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि यदि सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से आवश्यक हो, तो समय निर्धारण या पास सिस्टम जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा सकती हैं। इससे श्रद्धालुओं की सुविधा भी बनी रहेगी और वन विभाग के नियमों का पालन भी सुनिश्चित होगा। ग्रामीणों ने पांडुपोल मंदिर रास्ते पर मूलभूत सुविधाएं और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की भी मांग की। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि वन मंत्री के हस्तक्षेप से हजारों स्थानीय निवासियों, व्यापारियों और श्रद्धालुओं की समस्या का समाधान होगा।

# श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की रिट याचिका निस्तारित

**जोधपुर, (कासं)।** श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से दायर रिट याचिका का राजस्थान हाईकोर्ट ने निस्तारित कर दिया है। आरसीए की ओर से बताया गया कि ओम्बड्समैन (लोकपाल) की नियुक्ति होने के बाद याचिका का औचित्य समाप्त हो गया है।

जस्टिस डॉ. नूपुर भाटी की कोर्ट में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विनोद सहारण की ओर से दायर इस याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान आरसीए (एडहॉक कमेटी) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. सचिन आचार्य ने पक्ष रखा।

आरसीए की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट डॉ. आचार्य ने कोर्ट को बताया कि याचिका लंबित रहने के दौरान ही दो अक्टूबर के आदेश के तहत नए लोकपाल की नियुक्ति की जा चुकी है। उन्होंने तर्क दिया कि इस नियुक्ति के बाद याचिकाकर्ता की शिकायतों का निवारण हो गया है, इसलिए अब याचिका में सुनवाई के लिए कोई कॉज ऑफ एक्शन (वाद का कारण) शेष नहीं है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील इस दलील का विरोध नहीं कर सके। कोर्ट ने रिकॉर्ड पर दर्ज किया कि याचिकाकर्ता पक्ष प्रतिवादियों की इस दलील को नकारने की स्थिति में नहीं है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि नए लोकपाल की नियुक्ति के बाद अब इस रिट में किसी तरह का विवाद शेष नहीं रह गया है। इसलिए इस पर आगे विचार करने की आवश्यकता नहीं है।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अब कुछ भी निर्णय करने के लिए बाकी नहीं है, इसलिए रिट याचिका को इसी आधार पर निस्तारित किया जाता है। इस तरह श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट एसोसिएशन और राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के एडहॉक कमेटी के बीच लोकपाल से जुड़ा विवाद कोर्ट की तरफ से औपचारिक रूप से समाप्त मान लिया गया।

# वृद्धा से 25 लाख रुपए व 14 तोला सोना हड़पा

- पुलिस ने महिला के देवर के बेटे को गिरफ्तार किया
- महिला अकेली रहती है, एक बेटा बाहर रहता है

**अलवर, (निसं)।** अलवर में बुजुर्ग महिला से उसके देवर के बेटे ने ही 25 लाख रुपए और करीब 14 तोला सोना हड़प लिया। महिला घर में अकेली रहती है। एक बेटा है, जो बाहर रहता है। इसका फायदा उठाकर आरोपी ने रुपए-गहने हड़प लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला अलवर कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

कोतवाली थाने के विजेंद्र सिंह ने बताया कि परिवादी शिवपुरा केड़लगंज की रहने वाली चंद्रकांता शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दी थी कि उसका देवर का लड़का चेतन शर्मा उसके पास रहता था। उसने झांसे में लेकर बैंक ले जाकर फर्जीवाड़ा कर उसके खाते से 25 लाख रुपए निकाल लिए। इसके अलावा घर के अंदर से 14 लाख रुपए का सोना लेकर पार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की। इसके बाद आरोपी चेतन शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

# हाईकोर्ट : आरक्षित वर्ग अभ्यर्थी के ज्यादा अंक तो जनरल में चयन

- कोर्ट ने जोधपुर निवासी याचिकाकर्ता कीर्ति चौधरी की साल 2018 से लंबित याचिका को स्वीकार किया
- राजस्थान हाईकोर्ट ने छह सप्ताह में जूनियर हाइड्रो जियोलॉजिस्ट पद पर नियुक्ति देने का आदेश दिया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने मेरिट माइग्रेशन के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। जस्टिस फरजद अली ने अपने रिपोर्टेबल जजमेंट में स्पष्ट किया कि यदि आरक्षित वर्ग का कोई उम्मीदवार बिना किसी छूट (जैसे आयु या योग्यता) का लाभ लिए सामान्य वर्ग के कट ऑफ से ज्यादा अंक हासिल करता है, तो उसे सामान्य वर्ग में ही चयनित माना जाएगा। कोर्ट ने जोधपुर निवासी याचिकाकर्ता कीर्ति चौधरी की साल 2018 से लंबित याचिका को स्वीकार करते हुए उन्हें छह सप्ताह में जूनियर हाइड्रो जियोलॉजिस्ट पद पर नियुक्ति देने का आदेश दिया है।

मामला आरपीएससी की ओर से साल 2014 में विज्ञापित जूनियर हाइड्रो जियोलॉजिस्ट भर्ती से जुड़ा है, जिसका परिणाम 18 जनवरी 2018 को जारी हुआ था। याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि ओबीसी (महिला) वर्ग की अभ्यर्थी दीप्ति कलाल ने 61 अंक प्राप्त किए थे, जबकि सामान्य (महिला) वर्ग की कट ऑफ 58 अंक थी। इसके बावजूद आरपीएससी ने दीप्ति कलाल को ओबीसी वर्ग में ही चयनित माना। वकील ने तर्क दिया कि चूंकि दीप्ति ने फीस के अलावा किसी अन्य छूट का लाभ नहीं लिया और उनके अंक जनरल कट ऑफ से ज्यादा हैं, इसलिए उन्हें जनरल कैटेगरी में शिफ्ट किया जाना चाहिए था। यदि ऐसा होता, तो ओबीसी वर्ग की सीट खाली होती और वेटिंग लिस्ट में नंबर-1 पर मौजूद कीर्ति चौधरी (56 अंक) का चयन हो जाता।

सुनवाई के दौरान आरपीएससी और सरकार की ओर से वकील ने 26 जुलाई 2017 के सर्कुलर का हवाला देते हुए याचिका का विरोध किया। सरकारी वकील ने तर्क दिया कि दीप्ति कलाल ने लिखित परीक्षा (स्क्रीनिंग टेस्ट) में जनरल कैटेगरी के कट ऑफ से कम अंक प्राप्त किए थे, इसलिए उन्हें रिजर्व कैटेगरी में रखा गया, भले ही इंटरव्यू के बाद उनके फाइनल मार्क्स ज्यादा थे। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया।

कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा कि फाइनल मेरिट ही प्रासंगिक है। जब ओबीसी उम्मीदवार ने जनरल उम्मीदवार (58) से अधिक अंक (61) प्राप्त किए, तो उसे जनरल कैटेगरी में रखना उत्तरदाताओं का कर्तव्य था। कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि प्रशासनिक चूक संवैधानिक समानता को पराजित नहीं कर सकती। कोर्ट ने माना कि वर्ष 2017 का सर्कुलर संवैधानिक सिद्धांतों और बाध्यकारी नजीरों से ऊपर नहीं हो सकता। कोर्ट ने आरपीएससी और भू-जल विभाग को निर्देश दिया कि परिणाम को संशोधित मानकर कीर्ति चौधरी को ओबीसी (महिला) वर्ग में नियुक्ति दी जाए। यह प्रक्रिया छह सप्ताह में पूरी करनी होगी। याचिकाकर्ता को बैक वेजेस (पुरानी तनख्वाह) नहीं मिलेगी, लेकिन उनकी वरिष्ठता उनके जूनियर की नियुक्ति की तारीख से ही मानी जाएगी।

# ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का अवसर

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक एवं कोच (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत विचारित सूची में सम्मिलित 5 विषयों के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किए हैं, को इस संबंध में अवसर दिया गया है। इसके तहत इतिहास, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के अभ्यर्थियों को अंतिम तथा भौतिकी एवं अर्थशास्त्र विषय के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया गया है। इतिहास, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य विषय के अभ्यर्थी 6 से 8 दिसंबर की रात्रि 11:59 बजे तक अपना ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। भौतिकी एवं अर्थशास्त्र विषयों के अभ्यर्थी 6 से 10 दिसंबर की रात्रि 11:59 बजे तक ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।

# सीएमएचओ ने टीबी क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया

**बूंदी, (निसं)।** शुक्रवार को सीएमएचओ डॉ. ओ.पी. सामर ने अपने नियमित रूप से जारी गहन निरीक्षण अभियान के तहत ब्लॉक के साथ जिला स्तर की प्रमुख स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की भी व्यापक समीक्षा की। इसी क्रम में वे जिला टीबी क्लिनिक पहुंचे, जहां उन्होंने टीबी जांच व्यवस्था, निक्षय मित्र योजना, निक्षय पोषण कार्यक्रम तथा सिलिकोसिस रोगियों की प्रगति रिपोर्ट की जांच की।

डॉ. सामर ने प्रभारी चिकित्सक डॉ. कुलदीप मीणा से हैंड-होल्डिंग एक्स-रे मशीन, डिजिटल एक्स-रे रिपोर्टिंग सिस्टम की कार्यप्रणाली, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, मशीन की संवेदनशीलता तथा रिकॉर्ड संधारण के बारे में विशेष रूप से जानकारी ली। उन्होंने रिपोर्टिंग को समयबद्ध, सटीक और मरीज-हितैषी बनाने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर डॉ. सामर ने टीबी रोगियों को व्यक्तिगत रूप से प्रोत्साहित करते हुए पोषण सामग्री का वितरण भी किया, ताकि उपचार अवधि में उन्हें बेहतर पोषण सहायता मिल सके। सीएमएचओ ने स्टाफ को निर्देश दिए कि टीबी व सिलिकोसिस रोगियों की मॉनिटरिंग नियमित रूप से की जाए, डिजिटल रिपोर्टिंग को बेहतर क्वालिटी के साथ समय पर अपलोड किया जाए, हर मरीज तक सरकार की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ पहुँचे।



भारत के साथ पांच टीमें टी-20 वर्ल्डकप दावेदार। होम-अवे एडवांटेज विवाद खत्म करने के लिए टॉस बंद कर देना चाहिए।

**- टॉम मूडी**

**ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, आईएलटी20 के चौथे सीजन को लेकर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**फखर जमान**

**पाकिस्तान** के बैटर फखर जमान पर मैच फीस का 10 परसेंट जुर्माना लगाया गया है। उन्हें 29 नवंबर को श्रीलंका के खिलाफ ट्राई-सीरीज फाइनल के दौरान आईसीसी कोड ऑफ़ कंडक्ट के लेवल 1 को तोडने का दोषी पाया गया। जमान को आईसीसी कोड ऑफ़ कंडक्ट के आर्टिकल 2.8 को तोडने का दोषी पाया गया, जो प्लेयर्स और प्लेयर सपोर्ट स्टाफ के लिए है, जो "इंटरनेशनल मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने" से जुड़ा है। जमान के डिसिप्लिनरी रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट जोड़ा गया है, यह उनके लिए 24 महीने के समय में पहली गलती थी।

**क्या आप जानते हैं ?...** लॉर्ड्स जैसे ऐतिहासिक मैदानों पर भी भारत ने जीत दर्ज की है, जैसे 1986 (कपिल देव की कप्तानी में) और 2021 (विराट कोहली की कप्तानी में)।

## आईपीएल 2026 नीलामी में कुल 1355 क्रिकेट खिलाड़ी जिसमें 1,062 भारतीय और 293 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे

अबू धाबी, 5 दिसंबर। 6 दिसंबर को अबू धाबी में होने वाली आईपीएल 2026 नीलामी में 10 फ्रेंचाइजी 77 स्लॉट भरने के लिए एक-दूसरे को पछाड़ती नज़र आएंगी, जिसमें 31 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 1355 क्रिकेट खिलाड़ियों - जिसमें 1,062 भारतीय और 293 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं - ने पहले ही आने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन करा लिया है। नीलामी में शामिल होने वाले खिलाड़ियों की फाइनल शॉर्टलिस्ट 5 दिसंबर के बाद सभी टीमों की दिलचस्पी जानने के बाद तय की जाएगी। हालांकि, कुछ बड़े नाम आने वाली आईपीएल नीलामी से गायब रहेंगे क्योंकि कई हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों, जिन्हें उनकी संबंधित टीमों ने रिलीज कर दिया था, ने आईपीएल 2026 नीलामी के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं कराने का फैसला किया है। कुछ और जाने-पहचाने चेहरे भी लीग या क्रिकेट से पूरी तरह रिटायरमेंट के कारण भविष्य के आईपीएल सीज़न में वापस नहीं आएंगे। यहां उन टॉप क्रिकेटरों की पूरी लिस्ट दी गई है जो आईपीएल 2026 नीलामी का हिस्सा नहीं होंगे।

# क्या निर्णायक मुकाबले में टीम संयोजन में बदलाव करेगा भारत?



विशाखापत्तनम, 5 दिसंबर। भारत और दक्षिण अफ्रीका दोनों के ही पास वनडे सीरीज अपने नाम करने का मौक़ा है। सीरीज़ 1-1 से बराबरी पर है और निर्णायक मुक़ाबला विशाखापट्टनम में शनिवार को खेला जाना है। पहले दो मैचों में ख़ूब रन बने हैं और अंतिम मैच भी कुछ ऐसा ही होने की उम्मीद है। भारत को ओस ने दोनों मैचों में परेशान किया है और इस बार में वे कोशिश करेंगे कि किसी तरह टॉस जीत जाएं। हालांकि, विशाखापत्तनम में कितनी ओस आती है ये भी देखने वाली बात रहेगी। इस मैच में दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग इलेवन और पिच रिपोर्ट पर एक नजर डालते हैं।

**टीम न्यूज़: बर्गर और डीज़ॉर्ज़ी पर निगाहें-** भारत के पास अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव करने की वजह नजर नहीं आती। प्रसिद्ध कृष्णा 8.48 की इकॉनमी से रन दे रहे हैं, लेकिन भारत के पास स्क्वॉड में उनका कोई विकल्प नहीं है और वे किसी विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह ऑलराउंडर को शामिल नहीं करेंगे।

**भारत (संभावित):** 1 यशस्वी जायसवाल, 2 रोहित शर्मा, 3 विराट कोहली, 4 ऋतुराज गायकवाड़, 5 केएल राहुल (कप्तान व विकेटकीपर), 6 वॉशिंगटन सुंदर, 7 रवींद्र जडेजा, 8 हर्षित राणा, 9 कुलदीप यादव, 10 अर्शदीप सिंह, 11 प्रसिद्ध कृष्णा, दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दो खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग चोट की वजह से मैदान से बाहर चले गए थे। दोनों में से कोई भी आगे मैच में नहीं खेल पाया। हैमस्ट्रिंग इतनी जल्दी ठीक नहीं होती, इसलिए उम्मीद है कि बर्गर और टोनी डीज़ॉर्ज़ी की जगह ऑटनील बार्टमैन और रायन रिकल्टन खेलेंगे।

**दक्षिण अफ्रीका (संभावित):** 1 एडन मारक्रम, 2 क्विंटन डिकॉक (विकेटकीपर), 3 टेम्बा बावुमा (कप्तान), 4 मैथ्यू ब्रीत्ज़के, 5 रायन रिकल्टन, 6 डेवॉल्ड ब्रेविस, 7 मार्को यानसन, 8 कॉर्बिन बॉश, 9 केशव महाराज, 10 लुंगी एन्गिडी, 11 ऑटनील बार्टमैन

### पिच और परिस्थितियां

विशाखापत्तनम में भारत की पिछली दो वनडे पारियां इस मैदान की परिस्थितियों के दो अलग रूप दिखाती हैं। दिसंबर 2019 में भारत ने वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ 387 रन बनाए थे, वहीं मार्च 2023 में ऑस्ट्रेलिया के सामने 117 पर ढेर हो गया था। पिच तैयार करने में मौसम की कोई दिक्कत नहीं रही है, इसलिए उम्मीद है कि यहां ज़्यादा रन बनेंगे। तापमान रांची और रायपुर की तुलना में थोड़ा अधिक रहेगा, लेकिन क्रिकेट के लिए अब भी आरामदायक होगा।

## 2026 विंटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम इटली पहुंची

रोम, 5 दिसंबर। 2026 विंटर गेम्स के लिए ओलंपिक फ्लेम गुरुवार दोपहर को इटली के रोम पहुंची, जिसके साथ ही टॉर्च रिले इवेंट्स की एक सीरीज शुरू हो गई। एक लालटेन में सुरक्षित, फ्लेम शाम करीब 5 बजे रोम के फिमिसिनो एयरपोर्ट पर उतरी, और इसे इटैलियन ओलंपिक टेनिस चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी और मिलान-कॉर्टिना 2026 ऑर्गनाइजिंग कमिटी के प्रेसिडेंट जियोवानी मालागो ने हवाई जहाज से उतारा।

शाम करीब 7 बजे, इटली के प्रेसिडेंट सर्जियो मटेरेला ने क्विरिनाले पैलेस में फ्लेम रिसीव की, जिससे 6 दिसंबर को फ्लेम जर्नी की ऑफिशियल शुरुआत की सेरेमनी की शुरुआत हुई। मैलागो ने कहा कि इटली में ओलंपिक फ्लेम का आना और प्रेसिडेंट मटेरेला को इसे सौंपना, मिलान-कॉर्टिना 2026 की राह पर बहुत इमोशनल पल हैं। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में, फ्लेम "उत्साह, तालमेल और कलेक्टिव पार्टिसिपेशन का सिंबल बन जाएगा, जो हमें स्पोर्ट्स की एकजुट करने, इंस्पायर करने और फ्यूचर बनाने की यूनिक पावर की याद दिलाएगा।" फ्लेम शुक्रवार सुबह ऑफिशियल लाइटिंग सेरेमनी तक पैलेस में रहेगी, जब इटली के प्राइम मिनिस्टर जियोर्जिया मेलोनी और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की प्रेसिडेंट क्रिस्टी कोवेंट्री की मौजूदगी में अग्निकुंड जलाई जाएगी। टॉर्च रिले की शुरुआत शनिवार सुबह रोम के स्टेडियो देई मार्मी में होने वाली है। इसके बाद, रिले 60 दिनों में इटली में 12,000 किलोमीटर का सफर तय करेगी।



## वेदरॉल्ड, लाबुशेन और स्मिथ के अर्द्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया को मिली 44 रनों की बढ़त

ब्रिसबेन, 5 दिसंबर। जेक वेदरॉल्ड (72), मार्नस लाबुशेन (65) और कप्तान स्टीव स्मिथ (61) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज के डे-नाईट दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ स्टंप्स के समय छह विकेट गंवाकर 378 रन बनाकर 44 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी पकड़ बना ली है।

आज यहां इंग्लैंड ने कल के नौ विकेट पर 325 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में ब्रेंडन डॉगेट ने जोफ्रा आर्चर को आउटकर इंग्लैंड की पहली पारी का 76.2 ओवर में 334 के स्कोर पर अंत कर दिया। जो रूट 206 गेंदों में 15 चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 138) रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए मिचेल स्टार्क ने छह विकेट लिये। माइकल नीसर, ब्रेंडन डॉगेट और स्कॉट बोलैंड ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड और जेक वेदरॉल्ड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 14वें ओवर में ब्राइडन कार्स ने ट्रैविस हेड (33) को आउटकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया। तीसरे नंबर के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने वेदरॉल्ड के साथ अभी 69 रन जोड़े थे कि 26वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने जेक वेदरॉल्ड को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया।

जेक वेदरॉल्ड ने 78 गेंदों में 12 चौके और एक छक्का लगाते हुए 72 रन बनाये। वहीं मार्सन लाबुशेन ने नौ चौके और एक छक्के की सहायता से 65 रनों की पारी खेली। वहीं कप्तान स्टीव स्मिथ ने 85 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 61 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। कैमरन ग्रीन (45), जॉश इंग्लिस 23 रन बनाकर आउट हुये।

दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में छह विकेट पर 378 रन बनाकर 44 रनों की बढ़त हासिल कर ली है। एलेक्स कैरी (नाबाद 45) और माइकल नीसर (नाबाद 15) क्रीज पर मौजूद थे। इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स ने तीन विकेट लिये। बेन स्टोक्स को दो विकेट मिले। जोफ्रा आर्चर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अनाहत सिंह ने जोशना चिनप्पा को हराकर एचसीएल स्क्वैश इंडियन टूर 4 का खिताब जीता

चेन्नई, 5 दिसंबर। भारत की उभरती हुई स्टार अनाहत सिंह ने अनुभवी जोशना चिनप्पा पर अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए शुक्रवार को एचसीएल स्क्वैश इंडियन टूर 4, चेन्नई 2025 टूर्नामेंट में महिलाओं का खिताब जीता। पुरुषों के ड्रॉ में, भारत के वेलवन सेंथिलकुमार ने मिस्त्र के एडम हवाल को हराकर स्क्वैश खिताब जीता। 17 साल की अनाहत, जो टॉप सीड और दुनिया में 29वें नंबर पर भारत की सबसे ऊंची रैंक वाली महिला खिलाड़ी हैं, ने बिना सीड वाली लेकिन बेहद अनुभवी 39 साल की चिनप्पा के खिलाफ 52 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 3-2 (11-8, 11-13, 11-13, 11-6, 11-8) से जीत हासिल की। यह अनाहत की जोशना के खिलाफ उतने ही मैचों में तीसरी जीत थी। दोनों भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी पिछले महीने एसआरएफआई इंडियन ओपन के फाइनल में भी भिड़े थे, जहां अनाहत ने कड़े मुकाबले में 3-2 से जीत हासिल की थी।

## शाई होप के शतक और जस्टिन ग्रीव्स के अर्द्धशतक ने वेस्टइंडीज को संभाला



क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड), 5 दिसंबर। शाई होप (नाबाद 116) की शतकीय और जस्टिन ग्रीव्स (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड द्वारा दिये गये 531 रनों के लक्ष्य के जवाब में पहले टेस्ट के चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय दूसरी पारी में चार पर विकेट 212 रन बना लिये है। आज यहां न्यूजीलैंड के कल के चार विकेट पर 417 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में न्यूजीलैंड का पहला विकेट विल यंग (23) के रूप में गिरा। उन्हें जेडेन सील्स ने आउट किया। इसके बाद माइकल ब्रेसवेल (24), मैट हैनरी (11) और जेकब डफी (आठ) रन बनाकर आउट हुये। 109वें ओवर में जेकब डफी के आउट होने के साथ ही न्यूजीलैंड ने आठ विकेट पर 466 के स्कोर पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। वेस्टइंडीज को मैच जीतने के लिए 531 रनों का लक्ष्य मिला। वेस्टइंडीज के लिए केमार रोच ने 78 रन देकर पांच विकेट लिये। ओजय शील्ड्स को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और उसने एक-एक करके अपने चार विकेट 72 के स्कोर तक गंवा दिये। वेस्टइंडीज का पहला विकेट जॉन कैंपबेल (15) के रूप में गिरा। उन्हें जेकब डफी ने आउट किया। तेजनारायण चंद्रपॉल (छह) को भी डफी ने अपना शिकार बनाया।


## जर्मनी को हराकर चीन रैंकिंग में टॉप पर

चेंगदू, 5 दिसंबर। चीन ने शुक्रवार को इंटरनेशनल टेबल टेनिस फेडरेशन मिक्स्ड टीम वर्ल्ड कप के राउंड-रॉबिन दूसरे स्टेज में जर्मनी पर 8-4 से जीत हासिल कर रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी। शुरुआती मिक्स्ड डबल्स में, चीन के कुआई मैन और लिन शिडोंग ने जर्मन जोड़ी बेनेडिक्ट डूड़ा और सबाइन विंटर को 11-6, 13-11, 9-11 से हराया। वर्ल्ड नंबर 1 सुन यिंग्शा ने महिला सिंगल्स में नीना मिटेलहम को 11-7, 11-3, 11-7 से हराकर चीन की बढ़त को 5-1 कर दिया।

**राजधानी**

# हाईकोर्ट परिसर को बम से उडाने की धमकी, सुनवाई हुई बाधित

**धमकी भरे ई-मेल के बाद हाईकोर्ट परिसर खाली करवाया गया**





**राजस्थान हाईकोर्ट परिसर को बम से उडाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद पुलिस, डॉग स्कवॉड और बम निरोधक दस्ते ने चप्पे-चप्पे की तलाशी ली।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट परिसर को बम से उडाने को लेकर शुक्रवार को हाईकोर्ट प्रशासन को धमकी भरा ई-मेल मिला। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के पास सुबह 10.15 बजे आए इस मेल की जानकारी मिलते ही उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई और पूरे हाईकोर्ट परिसर को खाली करवाया गया। इस दौरान प्रकरणों से सुनवाई टालते हुए न्यायाधीशों को पास ही स्थिति राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के भवन में पहुंचाया गया।

- **पुलिस, डॉग स्क्वॉड व बम निरोधक दस्ते ने चप्पे-चप्पे की जांच की**
- **उच्च न्यायालय में दोपहर 2 बजे बाद वापस शुरू हुई केसों की सुनवाई**

ईमेल में तमिलनाडु के थिरुपरनकुंद्रम मामले का जिक्र करते हुए लिखा गया कि भाजपा शासित राज्यों की कोर्ट में ऐसे ही धमाके होंगे। बम की सूचना मिलते ही पुलिस के बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड ने पूरे हाईकोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की।

वहीं हाईकोर्ट परिसर से न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व पक्षकारों को बाहर निकाला, लेकिन जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने कहा है कि हाईकोर्ट परिसर की सुरक्षा को और मजबूत किया जाना चाहिए।

पुलिस व सुरक्षा एजेंसियों की ओर से कोर्ट परिसर की पूरी तलाशी लेने के बाद क्लीन चिट दी गई। इसके बाद हाईकोर्ट में दोपहर दो बजे बाद से केसों की सुनवाई शुरू हुई। हालांकि सुबह बम की धमकी मिलने के चलते अदालतों में सुनवाई नहीं हुई और हजारों प्रकरण प्रभावित हुए। हाईकोर्ट के अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने कहा कि एक महीने में ही दूसरी बार हाईकोर्ट परिसर को बम से उडाने की धमकी मिलना गंभीर है। ऐसे में हाईकोर्ट प्रशासन व पुलिस प्रशासन को इन दोनों ईमेल की जांच करवानी चाहिए कि ये कहां से आ रहे हैं।

# असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 का रास्ता साफ

**हाईकोर्ट ने 7 दिसंबर को प्रस्तावित परीक्षा को हरी झंडी दी**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट की खंडपीठ ने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती-2025 की 7 दिसंबर को प्रस्तावित परीक्षा को हरी झंडी देते हुए परीक्षा आयोजित करने के संबंध में एकलपीठ की ओर से लगाई रोक के आदेश को निरस्त कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस रवि चिरानिया की खंडपीठ ने यह आदेश आरपीएससी की तीन अपील याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए। खंडपीठ ने अपने आदेश में माना कि भर्ती की लिखित परीक्षा में करीब 92 हजार अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं, जबकि सिर्फ छह अभ्यर्थियों ने ही सिलेबस अपलोड को लेकर आपत्ति दर्ज कराई है। खंडपीठ ने आईटी की रिपोर्ट और नोटशीट से साबित है कि आयोग की वेबसाइट पर भर्ती विज्ञापन जारी करने के बाद सिलेबस अपलोड किया गया था।

अपील में महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद और अधिवक्ता एमएफ बेग ने बताया कि पहले साल 2024 में भर्ती विज्ञापन जारी किया गया था और आयोग की वेबसाइट पर 26 मार्च को सिलेबस अपलोड किया गया था। वहीं बाद में इस भर्ती को रद्द कर नियमों में बदलाव कर गत 18 सितंबर को वापस भर्ती निकाली गई थी। भर्ती को लेकर तय किया गया कि पूर्व के सिलेबस को ही इसमें लागू किया जाएगा। ऐसे में उस सिलेबस को ही आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व 8 अक्टूबर को अपलोड किया गया। अपील में कहा गया भर्ती विज्ञापन में ही प्रावधान किया गया था कि अभ्यर्थी नवीनतम जानकारी के लिए आयोग की वेबसाइट को देखे और उन्हें अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी। इसके अलावा आईटी विभाग के समक्ष अधिकारी की रिपोर्ट और संबंधित नोटशीट से साबित है कि सिलेबस वेबसाइट पर अपलोड है। अपील में कहा गया कि एकलपीठ में अभ्यर्थियों ने ही अपनी याचिका में माना है कि सिलेबस बहुत विस्तृत है। जिससे साबित है कि उन्हें इसकी विषय वस्तु का ज्ञान है। अपील में एकलपीठ के रोक के आदेश पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा गया कि एकलपीठ ने आयोग की नोट शीट को बाद में एडिट करने और कोचिंग संचालकों की मिलीभगत की बात कही है, जबकि याचिका में इस संबंध में कोई बात नहीं कही गई थी। इसके अलावा भर्ती को लेकर सारी तैयारी हो चुकी है। सातों संभाग में परीक्षा केन्द्र सहित परिवीक्षक तक तय हो चुके हैं। दूसरी ओर एकलपीठ के अभ्यर्थियों की ओर से कहा गया कि आयोग हर भर्ती में प्रेस नोट के साथ सिलेबस जारी करता है। अभ्यर्थियों की ओर से आयोग की वेबसाइट खोलकर बताया गया कि अभी भी सिलेबस अपलोड नहीं है, लेकिन इस दौरान महाधिवक्ता ने वेबसाइट पर सिलेबस दिखा दिया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने एकलपीठ के आदेश को रद्द कर दिया है।

# राजस्थान विधानसभा में संसद की तर्ज पर बनेगा सेन्ट्रल हॉल : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विधान सभा में संसद की तर्ज पर सेन्ट्रल हॉल बनेगा। स्पीकर देवनानी ने विधानसभा भवन में सेन्ट्रल हॉल के लिए उचित स्थान चिन्हित किये जाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। देवनानी ने बताया कि यह सेन्ट्रल हॉल बहुपयोगी होगा।

- **विधान सभा के पंचम तल पर बनेगा ऑडिटोरियम**
- **भवन की सुन्दरता के लिए होंगे नियमित प्रयास**

अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि सेन्ट्रल हॉल को महापुरुषों के थ्री-डी चित्रों से सुसज्जित किया जायेगा। सेन्ट्रल हॉल में राजस्थान की कला, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व की पेन्टिंग्स भी लगाई जायेगी। हॉल का उपयोग विधान सभा सत्रकाल के दौरान विधायकगण, विभागीय अधिकारीगण और आगन्तुक अतिथिगण की चर्चा और जलपान के लिए होगा। देवनानी ने राजस्थान विधान सभा सचिवालय और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में सेन्ट्रल हॉल के लिए रूपरेखा और परिकल्पना पर चर्चा की। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने बैठक में विधान सभा भवन के पंचम तल पर ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य आरम्भ करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। देवनानी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत ड्रॉईंग का अवलोकन किया और इस कार्य की अनुमानित लागत व निर्माण समयावधि पर चर्चा की। देवनानी ने इस कार्य को अधिकतम एक वर्ष में पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। देवनानी ने कहा कि इस ऑडिटोरियम का उपयोग युवा संसद, राष्ट्रमण्डल संसदीय संघ द्वारा आयोजित कार्यशाला, सेमिनार, बैठक और संगोष्ठियों के साथ पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के लिए किया जायेगा। देवनानी ने बताया कि भविष्य में यदि विधान परिषद का निर्माण होता है तो यह ऑडिटोरियम उसके लिए उपयोग में लिया जा सकेगा। स्पीकर देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा का भवन भारत के सबसे आधुनिक विधानमंडल परिसरों में से एक है। भवन के बाहरी हिस्से में राजस्थान की प्रसिद्ध पारंपरिक विशेषताओं वाले जोधपुर और बंसी पहाड़पुर पत्थर में झरोखे, छतरियां, कमानी, बारादरी, मेहराब, तोड़ियां आदि लगी हुई हैं। आंतरिक प्रवेश कक्षों की दीवारों और छतों को भी जयपुर, शेखावाटी, मारवाड़ और मेवाड़ की पारंपरिक कलाओं से सजाया गया है। देवनानी ने कहा कि इस ऐतिहासिक धरोहर की सुन्दरता को बनाये रखने के लिए साफ-सफाई और सुरक्षा के निरन्तर प्रयास किये जाये। देवनानी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसके लिए निम्नतम व्यय पर पर्याप्त व्यवस्था की जावे।

# महिलाओं को राजकॉप सिटीजन एप में एक क्लिक पर मिल रही पुलिस मदद

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। इसी क्रम में सरकार द्वारा शुरू किया गया राजकॉप सिटिजन ऐप महिलाओं को तुरंत सहायता पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऐप के माध्यम से पीडित महिलाओं को 'ऑन द स्पॉट' त्वरित सहायता मिल रही है। इस ऐप की खासियत यह है कि पुलिस के पीड़ित तक पहुंचने का औसत रेस्पॉन्स टाइम काफी कम है। राज्य सरकार द्वारा की गई इस पहल से जहां महिला अपराधों में कमी आई है, वहीं आमजन तक कानून व्यवस्था की सुलभ पहुंच सुनिश्चित हुई है। राजकॉप सिटिजन ऐप को उपयोग में बहुत ही सरल बनाया गया है। ऐप के माध्यम से महिलाओं को आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस ऐप पर जाकर जब 'नीड हेल्प' बटन पर क्लिक किया जाता है, तो उसका एक नोटिफिकेशन 1090 के कंट्रोलरूम में आ जाता है। कंट्रोलरूम द्वारा पीडिता को फोन/मैसेज कर, समस्या की जानकारी लेकर तथा पीड़िता की लाइव लोकेशन ट्रेस कर तुरंत पुलिस मदद पहुंचाई जाती है। यह ऐप महिला छेड़छाड़ एवं अन्य महिला अपराध के प्रकरणों में मददगार साबित हो रही है। इस ऐप के माध्यम से अब तक 29 हजार 742 प्रकरण आए हैं, जिनमें से 29 हजार 737 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है। राज्य सरकार इस आधी आबादी की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में चयनित पुलिस थानों में महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केन्द्रों पर पीडित महिलाओं को आवश्यक सहायता व परामर्श प्रदान किया जा रहा है। इसी तरह राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं की रोकथाम के लिए राज्य में 500 'कालिका पेट्रोलिंग यूनिट' के गठन किया गया है।

## भंवरलाल शर्मा की जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**जयपुर।** भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि "भंवरजी भाई साहब राजनीति में खरा सोना थे। उन पर कभी कोई दाग नहीं लगा। वे ऐसे नेता थे जिन्होंने कभी अपने परिवार को राजनीति में आगे नहीं बढ़ाया। मंत्री पद पर रहते हुए बंगला-गाड़ी और पीएसओ तक नही लिया और सामान्य नागरिक के रूप में जन सेवा की।" विधायक गोपाल शर्मा ने यह विचार भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रहे स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा की जन्म शताब्दी पर शुक्रवार को चौगान स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए।

# सौ वर्ष पूरे होने पर गंग नहर को 1,717 करोड़ रूपए की सौगात- भजनलाल

## मुख्यमंत्री ने गन्ने के समर्थन मूल्य में 15 रूपए प्रति क्विंटल बढ़ाने की घोषणा की

- मुख्यमंत्री भजनलाल ने गंग नहर शताब्दी समारोह में कहा कि महाराजा गंगा सिंह की दूरदर्शी सोच ने मरुस्थल को अन्न भंडार में बदला।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन बार सीएम रहे अशोक गहलोत ने कभी श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ की नहरों के बारे में नहीं सोचा।

श्रीगंगानगर/जयपुर, 5 दिसम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को श्रीगंगानगर के साधुवाली में गंग नहर शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 100 वर्ष पूर्व 5 दिसंबर 1925 को महाराजा गंगा सिंह ने रेगिस्तान को हरा-भरा बनाने के संकल्प के साथ गंग नहर का शिलान्यास किया था। उसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए हमारी सरकार ने गंग नहर के पुनरुद्धार हेतु 1 हजार 717 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि यह अवसर मरुस्थल को अन्न भंडार में बदलने की दूरदर्शी सोच का पर्व है।

उन्होंने कहा कि 647 करोड़ रुपये से फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण से पानी की नियमित आपूर्ति में स्थिरता आएगी और पूरे नहर तंत्र की जीवन क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, 300 करोड़ रुपये से बीकानेर कैनाल के पुनरुद्धार से सीधे तौर पर लाखों किसानों को लाभ मिलेगा। सीएम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इतने सालों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने कभी फिरोजपुर आकर देखा क्या। कांग्रेस केवल झूठे वादे करती रही और कुछ नहीं किया। तीन बार सीएम रहे अशोक गहलोत ने कभी श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ की नहरों के बारे में सोचा क्या?



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को श्रीगंगानगर के साधुवाली में गंग नहर शताब्दी समारोह में भाग लिया। इस अवसर कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।*

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गन्ने के वर्तमान समर्थन मूल्य को 15 रूपये बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गेती किस्म के गन्ने के लिये समर्थन मूल्य 401 रु. प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 416 रू. प्रति क्विंटल, मध्यम किस्म के लिये 391 रू. प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 406 रू. प्रति क्विंटल, पछेती किस्म के लिये 386 रु. प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 401 रु. प्रति क्विंटल किया गया है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सभा स्थल पर जल संसाधन विभाग की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न प्रोजेक्ट मॉडल्स का अवलोकन किया। और सभा स्थल के नजदीक गंगनहर का विधिवत् पूजन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने गंग नहर का गौरवशाली निर्माण करने वाले महाराजा स्व. श्री गंगा सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही, उन्होंने सादुलशहर में दो वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित पुस्तिका का भी विमोचन किया।

# प्रोटोकॉल से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण साबित हुई पुतिन की भारत यात्रा

## पुतिन की यात्रा का स्पष्ट मैसेज है, अंतर्राष्ट्रीय उथल-पुथल के बाद भी भारत और रूस के संबंध टिकाऊ, अनुकूलन में सक्षम और अटूट हैं

- रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, भारत-रूस संबंध, जिन्हें अनौपचारिक रूप से ''2जी पार्टनरशिप'' कहते हैं, को अमेरिका व चीन के ''नई 2जी धुरी'' को संतुलित करने में सक्षम हैं।
- रूस से तेल नहीं खरीदने के अमेरिका के भारी दबाव के बावजूद भारत ने रूस के साथ नए समझौते करके यह जता दिया है कि वह किसी के दबाव में नहीं आएगा और अपने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में विविधता रखेगा।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 5 दिसम्बर। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा, जो शुक्रवार शाम को समाप्त हुई, ने एक नए ''द्विपक्षीय सहयोग'' की शुरुआत की है, जिसे दोनों पक्षों के अधिकारियों ने ''नए युग'' के रूप में वर्णित किया है - जो पारंपरिक रक्षा संबंधों से कहीं आगे, व्यापक आर्थिक और भू-राजनीतिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है।

राजनयिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि इस यात्रा का महत्व ''प्रोटोकॉल से कहीं बड़ा'' है, और यह वैश्विक समीकरणों के बदलते परिप्रेक्ष्य में भारत-रूस संबंधों में एक निर्णायक पल का प्रतीक है।

रणनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, नवीनीकरण की ओर बढ़ता भारत-रूस समझौता, जिसे अनौपचारिक रूप से ''2 जी साझेदारी'' कहा जा रहा है, को कुछ विश्लेषकों द्वारा ''नए 2 जी धुरी'' के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें अमेरिका और चीन शामिल हैं।

वॉशिंगटन और मॉस्को के बीच यूक्रेन को लेकर तीव्र विरोधाभासों के साथ, और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप द्वारा हाल ही में नई दिल्ली पर रूस से तेल खरीद रोकने के लिए दबाव डाले जाने के बाद, भारत और रूस के बीच नवीनतम समझौते एक स्पष्ट संकेत हैं: भारत अपनी रणनीतिक स्वायत्तता बनाए रखने और वैश्विक साझेदारियों में विविधता लाने का इरादा रखता है।

यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब चीन ने एलएसी के साथ भारत पर कूटनीतिक और सैन्य दबाव बढ़ा दिया है। वार्ता से परिचित अधिकारियों का कहना है कि मॉस्को ने रक्षा सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और संयुक्त उत्पादन को गहरे स्तर पर बढ़ाने की स्पष्ट इच्छाशक्ति दिखाई है-यह वह क्षेत्र है जहां ऐतिहासिक रूप से रूसी समर्थन ने भारत के लिए एक स्थिर भूमिका निभाई है।

आर्थिक दृष्टि से भी, यह नवीनीकरण परिवर्तनकारी हो सकता है। रूस ऊर्जा, अंतरिक्ष और परमाणु सहयोग में लंबे समय से एक विश्वसनीय साझेदार रहा है, लेकिन इस यात्रा ने सहयोग के नए क्षेत्रों के लिए द्वार खोल दिया है। मॉस्को में सेवा दे चुके एक पूर्व भारतीय राजनयिक ने कहा कि उभरती हुई साझेदारी ''भारतीय श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण अवसर'' उत्पन्न कर सकती है, विशेष रूप से निर्माण और अवसंरचना क्षेत्रों में। रूस द्वारा यूक्रेन संघर्ष से प्रभावित प्रमुख शहरों और क्षेत्रों के पुनर्निर्माण की योजना के साथ, कुशल और अर्ध-कुशल श्रमबल की मांग में तीव्र वृद्धि होने की संभावना है।

स्रोतों का कहना है कि जैसे ही यूक्रेन संघर्ष में शामिल पक्षों द्वारा औपचारिक और स्थायी संघर्षविराम की घोषणा की जाएगी, कई ढपर ''अवसरों की खिड़कियाँ'' खुलेंगी - जिनमें निर्माण और इंजीनियरिंग से लेकर आईटी सेवाएं, औषधि, कृषि और ऊर्जा लॉजिस्टिक्स तक शामिल हैं।

नई दिल्ली के लिए, यात्रा का संदेश स्पष्ट है: वैश्विक उथल-पुथल के बावजूद, भारत-रूस साझेदारी मजबूत, अनुकूलनीय और रणनीतिक रूप से अपरिहार्य बनी हुई है।

## 'आतंक के खिलाफ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बनाए रखने के लिए एक प्रमुख साझेदार मानता है, जबकि मॉस्को चीन के साथ अपने रिश्तों को गहरा करने के साथ-साथ, पश्चिमी प्रतिबंधों के बीच संतुलन साधने की कोशिश कर रहा है।

पश्चिमी पर्यवेक्षकों ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी। वाशिंगटन और यूरोपीय राजधानियों के लिए, यह बयान इसके शाब्दिक अर्थ के लिए नहीं, बल्कि इसके द्वारा दिखाए गए रूस के उस प्रयास के लिए महत्वपूर्ण था, जो रणनीतिक स्वायत्तता की ओर इशारा करने और एशियाई भू-राजनीति में प्रासंगिकता बनाए रखने के लिये किया जा रहा है। अमेरिका के विश्लेषकों ने यह बताया कि पुतिन के शब्द एक बड़ी कूटनीतिक योजना का हिस्सा थे, जिसका उद्देश्य यह प्रदर्शित करना था कि रूस बीजिंग के अलावा, अन्य साझेदारों के साथ भी अपने रिश्ते बनाए हुये है।

जैसे-जैसे प्रारंभिक हलचल शांत हो रही है, यह जरुर स्पष्ट हो रहा है कि पुतिन के विशेष अंदाज में कहे गये इस एक अकेले वाक्य ने क्षेत्रीय व्याख्या, चिंता और रणनीतिक विश्लेषण का एक नया अध्याय खोल दिया है। चाहे यह एक वास्तविक बदलाव का संकेत हो या मात्र एक भाषाई अलंकरण का पल, इसका प्रभाव पूरे उपमहाद्वीप में महसूस किया जा रहा है।

## 'अमेरिका ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हैं जो दबाव के आगे आसानी से झुक जायें।'' व्यापार के संदर्भ में पुतिन ने कहा कि अब 90 प्रतिशत से अधिक द्विपक्षीय लेन-देन राष्ट्रीय मुद्राओं में किए जाते हैं, हालांकि बिचोलियों के कारण जटिलताएँ उत्पन्न हो जाती हैं।

ट्रम्प के साथ अलास्का में हुए हालिया विचार-विमर्श का जिक्र करते हुए पुतिन ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति का ''गंभीर (सिन्सियर) उद्देश्य'' ''वैश्विक संघर्षों का शांतिपूर्ण समाधान'' है और वे रूस के साथ रिश्तों को सुधारने में आर्थिक लाभ देखते हैं।

## अनिल अंबानी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गयीं संपत्तियों में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सात सम्पत्ति , रिलायंस पावर लिमिटेड की दो सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की नौ सम्पत्ति, रिलायंस वैल्यू सर्विस प्राइवेट लिमिटेड, रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड, फी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, आधार प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड, गेम्स इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट और रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फी मैनेजमेंट सोल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा असूचीबद्ध निवेश में किए गए निवेश भी शामिल हैं। इससे पहले, ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरसीओएम), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े बैंक फ्रॉड मामलों में 8,997 करोड़ रुपये से ज़्यादा की सम्पत्तियों को जब्त किया था।

## इंडिगो की एक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

शनिवार को भी करीब सैकड़ों उड़ानों के रद्द रहने की आशंका है।

इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीटर एलबर्स ने एक वीडियो मैसेज में प्रभावित यात्रियों से माफी मांगते हुए बताया कि पिछले कुछ दिनों में एयरलाइंस ने परिचालन संबंधी गंभीर समस्या का सामना किया है और यह संकट लगातार बढ़ ता गया। इसमें 05 दिसंबर सबसे अधिक प्रभावित दिन रहा, जब 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

एलबर्स ने बताया कि शनिवार को 1,000 से कम उड़ानें रद्द होने की उम्मीद है, और 10 से 15 दिसंबर के बीच स्थिति पूरी तरह सामान्य होने का अनुमान है।

## केन्द्रीय ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करने का प्रस्ताव भी दिया था, जिससे राष्ट्रपति को इस केन्द्र शासित क्षेत्र के लिए नियम बनाने का अधिकार मिलता, लेकिन सरकार को यह विचार भी छोड़ना पड़ा। इस महीने की शुरुआत में, केन्द्र को भाजपा-शासित हरियाणा को अलग विधानसभा परिसर बनाने के लिए भूमि आवंटित करने का अपना फैसला भी वापस लेना पड़ा था।




मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 35214/79, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय:-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908